संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-122 रविवार, 03 मार्च 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मुख्य साजिशकर्ता आजम चीमा की मौत



**फैसलाबाद (पाकिस्तान),02 मार्च 2024(ए)।** मुंबई आतंकी हमले के मुख्य साजिशकर्ता आजम चीमा की पाकिस्तान में मौत हो गई है। सूत्रों के हवाले से जानकारी दी गई है कि लश्कर के खुफिया प्रमुख आजम चीमा (70) की फैसलाबाद में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई।

### बीएसएफ और तस्करों के बीच झड़प में एक की मौत



### तीन जवान सहित चार घायल

**शिलांग,02 मार्च 2024(ए)।** मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास अर्धसैनिक बल पर भीड़ ने हमला कर दिया। इस झड़प में एक तस्कर की मौत हो गई, जबकि तीन बीएसएफ कर्मियों सहित चार अन्य घायल हो गए।

# बीजेपी ने जारी की 195 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

## बीजेपी की पहली सूची में 34 केंद्रीय मंत्रियों को मिला टिकट



» पीएम मोदी बनारस से करेंगे दावेदारी

» बीजेपी उम्मीदवारों की पहली लिस्ट में पीएम मोदी का नाम

» वाराणसी से पीएम मोदी, गांधी नगर से अमित शाह करेंगे दावेदारी

**नई दिल्ली ,02 मार्च 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले बीजेपी ने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में 100 से ज्यादा कैंडिडेट्स के नाम घोषित किए गए हैं। पहली लिस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का भी नाम शामिल है। पीएम मोदी वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे। 34 केद्रीय मंत्री और राज्य मंत्री के नाम पहली सूची में है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का भी नाम इस लिस्ट में हैं। 34 केंद्रीय मंत्री, लोकसभा स्पीकर, दो पूर्व मुख्यमंत्री, 28 महिलाओं को पहली सूची में जगह मिली है। 50 से कम उम्र वाले 47 उम्मीदवार इस लिस्ट में हैं।

### बीजेपी की पहली लिस्ट की बड़ी बातें

बीजेपी उम्मीदवारों की पहली लिस्ट में एससी से 27, एसटी से 18 और ओबीसी से 57 उम्मीदवार हैं। इसमें यूपी से 51, बंगाल से 20, एमपी से 24, गुजरात से 15, राजस्थान से 15, केरल से 12 तेलंगाना से 9, असम से 11 झारखंड से 11, छत्तीसगढ़ से 11 उम्मीदवारों को टिकट मिला है। दिल्ली से 5 सीट, जम्मू कश्मीर 2, उत्तराखंड 3, गोवा 1, त्रिपुरा 1, अंडमान और निकोबार 1, दमन दीव 1 सीट पर नाम का ऐलान किया गया है। केरल में शशि थरूर के सामने राजीव चंद्रशेखर को टिकट दिया गया है।

## बीजेपी की पहली लिस्ट में किस-किस को मिला टिकट

**दिल्ली**

चांदनी चौक- प्रवीण खंडेलवाल
उत्तर पूर्वी दिल्ली- मनोज तिवारी
नई दिल्ली- बांसुरी स्वराज
पश्चिमी दिल्ली- कमलजीत सहरावत
दक्षिण दिल्ली- रामवीर सिंह विधूड़ी

**यूपी में इन सीटों पर उम्मीदवार घोषित**

वाराणसी- नरेंद्र मोदी
कैराना- प्रदीप कुमार
मुजफ्फरनगर- संजीव कुमार बालियान
नगीना- ओम कुमार
रामपुर- घनश्याम लोधी
संभल- परमेश्वर लाल सैनी
अमरोहा- कंवर सिंह तोमर
गौतमबुद्ध नगर- महेश शर्मा
बुलंदशहर- डॉ भोला सिंह
मथुरा- हेमा मालिनी
आगरा- सत्यपाल सिंह बघेल
फतेपुर सीकरी- राजकुमार चाहर
एटा- राजवीर सिंह राजू भैया
आंवला- धर्मेंद्र कश्यप
शाहजहांपुर- अरुण कुमार सागर
खीरी- अजय मिश्रा टेनी
धौरहरा- रेखा वर्मा
सीतापुर- राजेश वर्मा
हरदोई- जयप्रकाश रावत
मिसरिख- अशोक कुमार रावत
उन्नाव- साक्षी महाराज
मौहनलाल गंज- कौशल किशोर
लखनऊ- राजनाथ सिंह
अमेठी- स्मृति इरानी
प्रतापगढ़- संगम लाल गुप्ता
इटावा- रामशंकर कठेरिया
कन्नौज- सुब्रत पाठक
अकबरपुर- देवेंद्र सिंह भोले
झांसी- अनुराग शर्मा
हमीरपुर- पुष्पेंद्र सिंह चंदेल
बांदा- आरके सिंह पटेल
फतेहपुर- साध्वी निरंजन ज्योति
बाराबंकी- उपेंद्र सिंह रावत
फैजाबाद- लल्लू सिंह
अंबेडकरनगर- रितेश पांडेय
श्रावस्ती- साकेत मिश्रा
गोंडा- कीर्तिवदन सिंह
डुमरियागंज- जगदंबिका पाल
बस्ती- हरीश द्विवेदी
संत कबीरनगर- प्रवीण निषाद
महाराजगंज- पंकज चौधरी
गोरखपुर- रवि किशन
कुशीनगर - विजय कुमार दुबे
बांसगांव- कमलेश पासवान
लालगंज- नीलम सोनकर
आजमगढ़- दिनेश लाल यादव निरहुआ
सलेमपुर- रवींद्र कुशवाहा
जौनपुर - कृपाशंकर सिंह
चंदौली- महेंद्र नाथ पांडेय
फर्रुखाबाद- मुकेश राजपूत

**मध्य प्रदेश**

मुरैना- शिवमंगल सिंह तोमर
भिंड- संध्या राय
ग्वालियर- भारत सिंह
गुना- ज्योतिरादित्य सिंधिया
सागर- लता वानखेड़े
टीकमगढ़- वीरेंद्र खटीक
दमोह- राहुल लोधी
खजुराहो- वीडी शर्मा
सतना- गणेश सिंह
रीवा- जनार्दन मिश्र
सीधी- राजेश मिश्रा
शहडोल- हिमाद्रि सिंह
जबलपुर- आशीष दुबे
मंडला- फग्गन सिंह कुलस्ते
होशंगाबाद- दर्शन सिंह चौधरी
विदिशा- शिवराज सिंह चौहान
भोपाल- अनूप शर्मा
राजगढ़- रोडमल नागर
देवास- महेंद्र सिंह सोलंकी
मंदसौर- सुधीर गुप्ता
रतलाम- अनिता नागर सिंह चौहान
खरगौन- गजेंद्र पटेल
खंडवा- ज्ञानेश्वर पाटिल
बैतूल- दुर्गादास

**छत्तीसगढ़**

सरगुजा- चिंतामणि महाराज
रायगढ़- राधेश्याम राठिया
जागीरचंपा - कमलेश जांगडे
कोरबा - सरोज पांडे
बिलासपुर - तोकल साहू
राजनंदगांव- संतोष पांडे
दुर्ग - विजय बघेल
रायपुर- बृजमोहन अग्रवाल
महासमुंद- रूपकुमारी चौधरी
बस्तर- महेश कश्यप
कांकेर- भोजराज नाग

**गुजरात**

कच्छ- विनोदभाई चावड़ा
बनासकांठा- रेखाबेन हितेशबाई चौधरी
पाटन- भरत सिंह जी दादी
गांधीनगर- अमित शाह
अहमदाबाद पश्चिम- धीरेशभाई मकवाना
राजकोट- पुरुषोत्तम भाई रुपाला
पोरबंदर- मनसुखभाई मंडावीया
जामनगर- पूनमबेन माडव
आणंद- नीतेशभाई पटेल
खेड़ा -देवुसिंह चौहान
पंचमहल- राजपाल सिंह जाधव
दाहोद- जसवंत सिंह
भरूच- मनसुख भाई वसावा
बारडोली- प्रभुभाई नागर भाई वसावा
नवसारी- सीआर पाटिल

**झारखंड**

राजमल- ताला मरांडी
दुमका- सुनील सोरेन
गोड्डा- निशिकांत दुबे
कोडरमा- अन्नपूर्णा देवी
रांची- संजय सेठ
जमशेदपुर- विद्यु महतो
सिंहभूम- गीता कोडा
कुंटी- अर्जुन मुंडा
लोहरदगा- समीर उरांव
पलामू- विष्णुदयाल राम
हजारीबाग- मनीष जयसवाल

**केरल**

कासरवड- एमएल अश्विमी
कन्नूर- सी रघुनाथ
वडकरा- प्रफुल्ल कृष्ण
कोझिकोड- एमटी रमेश
मंगलापुरम- अब्दुल सलाम
पोन्नामी- निवेदिता सुब्रमण्यम
पल्लकड- सी कृष्णकुमार
त्रिशूर- सुरेश गोपी
अलकुजा- शोभा सुरेंद्रन
पत्तनमटिटा - अनिल एंटनी
अटिंगल- वी मुरलीवरन जी
तिरुअनंतपुरम- राजीव चंद्रशेखर

**अरुणाचल**

अरुणाचल प्रदेश वेस्ट- किरण रिजिजू
अरुणाचल ईस्ट तापिर गाव

**असम**

करीमगंज- कृपानाथ मल्लाह
सिलचर- परिमल शुक्ला वैद्य
ओटोनोमस जिला अमर सिंह
गोवाहाटी- बिजुलि कलिता
मंगलदोई -दिलीप सेकिया
तेजपुर- रंजीत दत्ता
नौगांव- सुरेश बोरा
कलियाबोरा- कामक्य प्रसाद तासा
जोरहाट - तपन कुमार गोगोई
डिब्रूगढ़ - सर्वानंद सोनवाल
लखिमपुरपुर - प्रदान बरुआ

**जम्मू कश्मीर**

उधमपुर- डॉक्टर जितेंद्र सिंह
जम्मू- जुगलकिशोर शर्मा
**नॉर्थ गोवा**- श्रीपाद नाईक
**अंडमान निकोबार**- विष्णु पराडे
**दादर नगर हवेली**- लालू भाई पटेल

# तंबाकू कम्पनी के ठिकानों पर तीसरे दिन भी आईटी छापा

» छापेमारी में जो मिला उसे देखकर सबके उड़े होश

» अब तक बरामद हुई ये चीजें



**कानपुर,02 मार्च 2024 (ए)।** बंशीधर तंबाकू ग्रूप पर आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई तीसरे दिन भी जारी है, दिल्ली आवास पर आयकर विभाग की टीम तीसरे दिन भी कंपनी के मालिक के के मिश्रा से पूछताछ कर रही है। सूत्रों के मुताबिक अपनी खराब सेहत का हवाला देकर के के मिश्रा अधिकारियों के सवाल के जवाब से बचने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरे दिन की छापेमारी में आयकर विभाग के अधिकारियों को बंशीधर तंबाकू ग्रूप के प्रमुख के के मिश्रा के ठिकानों से करोड़ों रुपए की लग्जरी घड़ियां मिली, जिसमें करीब 2.5 करोड़ रुपए की एक डायमंड स्टेडिड घड़ी भी शामिल है। कुल पांच घड़ियां इनकम टैक्स को मिली है जिसकी वैल्यूएशन के लिए वैल्यूअर को बुलाया गया है जिसकी रिपोर्ट कुछ दिनों बाद आएगी।. ऐसी कुल पांच घड़ियां आयकर विभाग को मिली है जिनकी कीमत करोड़ों में है।

इनकम टैक्स के अधिकारी ने कंपनी के मालिक से पूछताछ में यह भी सवाल किया कि अगर कंपनी का टर्नओवर 20-25 करोड़ ही है तो फिर 60-70 करोड़ रुपए के ऊपर की गाड़ियां उसके घर में क्या कर रही हैं। बंशीधर टोबैको लिमिटेड कंपनी ने बिना किसी दस्तावेज के बड़े पान मसाला ग्रूप को माल बेचा। यानी बिना किसी कागजी प्रक्रिया को पूरा किए पान मसाला ग्रूप ने इस कंपनी से माल लिया। इसके आधार पर आयकर विभाग उन बड़े पान मसाला ग्रूप पर एक्शन की तैयारी में है जो इस कंपनी से माल खरीद रहा था।

फिलहाल अभी तक की कार्रवाई में आयकर विभाग के अधिकारियों द्वारा 4:30 करोड रुपए कैश और ढाई से 3 करोड रुपए के आभूषण जप्त किए जा चुके हैं, साथ ही महंगी गाड़ियों की खरीद के पीछे क्या कोई पैसा कमाया गया इसकी भी जांच चल रही है, इसके साथ ही कारोबारी के गुजरात वाले घर पर, गुजरात के उंझा में जो फैक्ट्री है वहां पर, गुंटूर में जिस कंपनी से बंशीधर कंपनी माल खरीदती है उसे लोकेशन पर भी लगातार आयकर विभाग की टीमों द्वारा छापे मारी जा रही है।

# राहुल गांधी की बम से उड़ाने की धमकी

**नागपुर,02 मार्च 2024 (ए)।** राहुल गांधी की जान को खतरा है। महाराष्ट्र की नासिक पुलिस को इनपुट मिले हैं कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को उनके पिता राजीव गांधी की तरह से बम से उड़ा दिया जाएगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पर उनकी न्याय जोड़ो यात्रा के दौरान बम से हमला होगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इनपुट मिलने के बाद राहुल के आवास की सुरक्षा बढ़ा दी है। साथ ही दिल्ली पुलिस, यूपी व मध्यप्रदेश पुलिस से राहुल गांधी की सुरक्षा कड़ी करने को कहा है। अभी राहुल गांधी को जेड प्लस सुरक्षा मिली हुई है। उनकी न्याय जोड़ो यात्रा 2 मार्च को मध्यप्रदेश में प्रवेश कर रही है।



दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गृह मंत्रालय के आदेश के बाद 24 अकबर रोड स्थित उनके आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उनके आवास के पास पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए हैं। स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गृह मंत्रालय ने महाराष्ट्र पुलिस व दिल्ली पुलिस को इनपुट को जांचने के आदेश दिए हैं। दोनों राज्यों की पुलिस ये पता कर रही है राहुल गांधी पर हमले के जो इनपुट मिले हैं वह कितने गंभीर हैं। स्पेशल सेल को जांच में लगाया है। राहुल गांधी को अभी जेड प्लस सुरक्षा मिली हुई है। इसमें संबंधित व्यक्ति के पास 10 से ज्यादा एनएसजी कमांडो और पुलिस कर्मी समेत 55 ट्रेंड जवान तैनात किए जाते हैं। ये सभी कमांडो 24 घंटे व्यक्ति के चारों तरफ पैनी नजर रखते हैं। हर कमांडो मार्शल आर्ट का स्पेशलिस्ट होता है

## गौतम गंभीर ने लिया राजनीति से संन्यास



**नई दिल्ली,02 मार्च 2024 (ए)।** देश में आगामी लोकसभा चुनाव की बयार चल रही है और अगले कुछ दिनों में चुनाव के बाद आचार संहिता की घोषणा हो जाएगी। माना जा रहा है कि बीजेपी की राष्ट्रीय चुनाव समिति ने बैठक कर 100 से 120 उम्मीदवारों की सूची तय कर ली है।

इसमें इस बात पर चर्चा हुई कि दिल्ली से क्रिकेटर गौतम गंभीर और पंजाब से सनी देओल को इस साल मौका नहीं दिया जाएगा। इसी बीच अब गौतम गंभीर ने ट्वीट कर कहा है कि वह राजनीति से संन्यास ले लेंगे। इसी के तहत गंभीर ने भी पार्टी वरिष्ठों से एक मांग रखी। गौतम गंभीर के ट्वीट के मुताबिक, मैंने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से अनुरोध किया है। मुझे मेरे राजनीतिक कर्तव्यों से मुक्त किया जाना चाहिए। गंभीर ने कहा, इसका मतलब है कि मैं अपने भविष्य के क्रिकेट करियर पर पूरा ध्यान केंद्रित कर सकता हूं। साथ ही मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का भी बहुत आभारी हूं, जिन्होंने मुझे लोगों की सेवा करने का मौका दिया। ऐसे में अब यह साफ हो गया है कि गौतम गंभीर इस साल के चुनाव में उम्मीदवार नहीं होंगे। इस बीच राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि बीजेपी गौतम गंभीर की जगह अक्षय कुमार को दिल्ली से मौका देगी।

# आत्महत्या केस में सुनवाई के दौरान

## सर्वोच्च न्यायालय ने कर दी अहम टिप्पणी

**नई दिल्ली,02 मार्च 2024 (ए)।** आत्महत्या के एक मामले में सुनवाई कर रही सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को टिप्पणी करते हुए कहा कि, मानव मन एक पहेली है और असंख्य वजहों से कोई महिला या पुरुष आत्महत्या कर सकते हैं। कोर्ट 24 साल पुराने एक आत्महत्या के मामले में सुनवाई कर रही थीं। इसे लेकर एक व्यक्ति पर आरोप लगा था कि,उसने पीड़िता को उकसाकर, उसका उत्पीड़न कर आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया था हालांकि कोर्ट ने अपनी टिप्पणी के साथ 24 साल पहले अपनी मकान मालकिन का उत्पीड़न करके आत्महत्या करने को मजबूर करने के आरोपित को बरी कर दिया।



न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि ऐसा हमेशा नहीं हो सकता कि कोई व्यक्ति आत्महत्या करे और उन परिस्थितियों में फंसे व्यक्ति का उससे कुछ लेना-देना हो। इस मामले में आत्महत्या के लिए शैक्षणिक नतीजों में निराशा, कॉलेज के माहौल में दमन, खासकर छात्रों को दरकिनार किया जाना या फिर नौकरी न मिलना या वित्तीय संकट आत्महत्या की वजह कुछ भी हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा,मानव मन एक पहेली है और मन के रहस्य को सामने ला पाना या उसे समझ पाना लगभग असंभव है। किसी पुरुष या महिला के लिए आत्महत्या करने या आत्महत्या करने का प्रयास करने के असंख्य कारण हो सकते हैं। हो सकता है कि शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने में आप असफल रहें, कॉलेज या हॉस्टल का माहौल, प्रेम विवाह, अवसाद या निराशा, या फिर पुरानी कोई बीमारी भी आत्महत्या की वजह बन सकती है। इस मामले में पीड़िता के यहां पहले किराए पर रहने वाले एक शख्स ने अपनी मकान मालकिन उस समय विवाह का प्रस्ताव दिया जब वह अपने बहन के बच्चे को स्कूल छोड़कर लौट रही थी।. युवती के मना करने पर उसने उसकी बहन के परिवार को तबाह करने की धमकी दी। युवक ने उसे धमकाया कि अगर वह उससे शादी करने के लिए राजी नहीं हुई तो वह उसकी बहन के परिवार को तबाह कर देगा, उनकी बेइज्जती करेगा और उन्हें मार डालेगा. घर पहुंचने पर महिला ने अपनी बहन को फोन पर घटना की जानकारी दी।

# महिला को डार्लिंग कहा तो खैर नहीं...

### जीवन भर पड़ सकता है पछताना

**नई दिल्ली,02 मार्च 2024 (ए)।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने कहा है कि अगर किसी शख्स ने किसी अनजान महिला को डार्लिंग कहा तो उसे यौन उत्पीड़न का गुनहगार माना जाएगा और भारतीय दंड संहिता की धारा 354 के तहत उसे जेल जाना पड़ सकता है और जुर्माना भी भरना पड़ सकता है। हाई कोर्ट की पोर्ट ब्लेयर पीठ की जज जस्टिस जय सेनगुप्ता ने कहा कि भले ही आरोपी ने शराब पी रखी हो या किसी भी स्थिति में हो, अगर उसने किसी अनजान महिला को डार्लिंग कहा है तो उसे सेक्सुअल हैरेसमेंट का दोषी माना जाएगा।

इसके साथ ही जस्टिस सेनगुप्ता ने अपीलकर्ता आरोपी जनक राम की सजा को बरकरार रखी, जिसने नशे की हालत में पकड़े जाने के बाद एक महिला पुलिस अधिकारी (शिकायतकर्ता) से कहा था, क्या डार्लिंग चालान करने आई हो क्या? बार एंड बेंच की एक रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस सेनगुप्ता ने धारा 354ए (एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाना) का उल्लेख करते हुए कहा कि आरोपी की महिला पुलिस अधिकारी पर की गई टिप्पणी यौन टिप्पणियों के दायरे में आती है और यह प्रावधान दोषी को सजा का हकदार बनाता है। उन्होंने कहा, सड़क पर किसी



अनजान महिला को, चाहे वह पुलिस कांस्टेबल ही क्यों ना हो किसी शख्स द्वारा डार्लिंग कहकर संबोधित नहीं किया जा सकता है। जस्टिस सेनगुप्ता ने कहा कि कोई भी शख्स भले ही शराब के नशे में हो या ना हो वह किसी भी अनजान महिला को डार्लिंग शब्द से संबोधित नहीं कर सकता है और अगर उसने ऐसा किया है तो स्पष्ट रूप से यह अपमानजनक है और उसके शब्द मूल रूप से एक यौन टिप्पणी है।

## संपादकीय

# केजरीवाल को अब समन पर जाना होगा

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने उनको आठवां समन भेजा है और चार मार्च को पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा है। केजरीवाल इससे पहले सात बार के समन की अनदेखी कर चुके हैं। उन्होंने और उनकी पार्टी ने ईडी के समन को गैरकानूनी बताया है और कई सवाल पूछे हैं। लेकिन सवालों के जवाब देने की बजाय ईडी लगातार समन भेजती जा रही है। ऐसा लग रहा कि यह सब किसी योजना के तहत हो रहा है। पांचवें समन के बाद केजरीवाल इस आधार पर ईडी के समन का विरोध कर रहे हैं कि जब खुद ईडी ने पीएमएलए की विशेष अदालत में शिकायत की है और अदालत में 16 मार्च को इस पर सुनवाई होने वाली है तो उससे पहले समन जारी नहीं होना चाहिए।दूसरी ओर ईडी का कहना है कि पीएमएलए कोर्ट में उसकी शिकायत पर जो सुनवाई है वह बिल्कुल दूसरे मामले पर है। ईडी ने अदालत में यह याचिका नहीं दी है कि अदालत केजरीवाल को निर्देश दे कि वे ईडी के सामने पेश हों। अदालत में केंद्रीय एजेंसी के समन की अनदेखी से जुड़े बड़े सवालों पर सुनवाई होगी। एजेंसी ने कहा है कि जब मुख्यमंत्री जैसे ऊंचे पद पर बैठे लोग समन की अनदेखी करते हैं तो उसका गलत मैसेज जाता है। ईडी ने यह भी कहा कि केजरीवाल एजेंसी की जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं और उसमें बाधा डाल रहे हैं।दिल्ली की राउज एवेन्यू स्थित पीएमएलए की विशेष अदालत में तो 16 मार्च को सुनवाई होगी लेकिन उससे पहले इन सवालों पर सर्वोच्च अदालत ने ही स्थिति साफ कर दी है। इसलिए विशेष अदालत से कोई राहत हासिल करने की केजरीवाल की उम्मीदें समाप्त हो गई हैं। असल में बिल्कुल ऐसे ही मामले में तमिलनाडु की सरकार सुप्रीम कोर्ट गई थी। केंद्रीय एजेंसियों ने बालू के अवैध खनन से जुड़े मामलों में तमिलनाडु के कुछ जिला कलेक्टरों को समन भेजा था और पूछताछ के लिए बुलाया था। तमिलनाडु सरकार ने इसे चुनौती दी थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार यानी 27 फरवरी को इस पर सुनवाई में दो टूक अंदाज में कहा कि एजेंसियों के समन पर सबको हाजिर होना चाहिए। अदालत ने कहा कि यह उम्मीद की जाती है कि, जिसको एजेंसी समन देकर बुलाए वह एजेंसी के सामने हाजिर हो।जाहिर है कि तमिलनाडु के कलेक्टरों के बारे में दिया गया सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी लागू होगा। उन्हें झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मामले का भी ध्यान रखना चाहिए था, जिसमें 10वें समन के बाद उनको गिरफ्तार किया गया था। उनके मामले में भी अदालत से कोई राहत नहीं मिली थी। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद केजरीवाल के लिए कानूनी राहत का रास्ता लगभग बंद हो गया है। तभी यह देखना दिलचस्प होगा कि चार मार्च को वे ईडी के सामने पूछताछ के लिए हाजिर होते हैं या नहीं?

## अच्छी बात है

संतान संस्कारी मिले अच्छी बात है।
मेहनत से पद मिले अच्छी बात है।
राह नेकी पर मिले अच्छी बात है।
गिरते को सहारा मिले अच्छी बात है।
भूखे को भोजन मिले अच्छी बात है।
प्यासे को पानी मिले अच्छी बात है।
यक्ष प्रश्न का हल मिले अच्छी बात है।
दूसरों से अच्छाई मिले अच्छी बात है।
श्रवण सा बेटा मिले अच्छी बात है।
दोस्ती का मोल मिले अच्छी बात है।
हुनर को कदर मिले अच्छी बात है।
पंथी को छाया मिले अच्छी बात है।
नदिया को सागर मिले अच्छी बात है।
रोग में उपचार मिले अच्छी बात है।
संकट में दुआ मिले अच्छी बात है।
काफिया रदीफ मिले अच्छी बात है।
प्रेयसी को प्रेम मिले अच्छी बात है।
राम रहीम रहमान मिले अच्छी बात है।



अनिल कौशिक
क्योड़क,
कैथल

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## मिट्टी में मिल जाना है ...

मिट्टी में मिल जाना है सदा दिन यहाँ कौन रहा
जो मैं रह पाऊंगा ?
कुछ दिनों का सब मेहमान यहाँ के
गढ़े यहां हम नव इतिहास
आओ कुछ प्यार छोड़ जाएं ऐसे करें काम
स्वार्थ न हो यह जीवन का डगर
परमार्थ पर भी कुछ काम करें
सुबह होने के पहले -पहले सृजित करें अपना काम
बैर -ईर्ष्या का करें त्याग ,इस होली पर सबको रंग मलें
रंगों की इस पर्व पर इंसानियत का एक रंग गढ़े
इस सुबह प्रकृति की श्रृंगार करें
मिट्टी में मिल जाना है ..
मिट्टी की मान बढ़े हमें ऐसा कुछ कर जाना है
आओ इस सुबह सबको रंग मल दें
कोई भेद -विभेद न हो मन में
आओ ऐसा प्रण लें
माथे पर मिट्टी की तिलक लगाकर भारत माँ की सम्मान करें
देश हित में हो हमारे कदम आओ मिलकर शपथ लें
प्रकृति की धरोहरें करें सम्मान
जाति - धर्म से उठकर गढ़े समाज
आओ नव सुबह लिखें अपनी जज्बात
संवेदनाओं से हृदय में सबके लिए हो प्यार



लक्ष्मी नारायण लहरे साहिल,
कोसीर सारंगढ़
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# पर्यावरण संतुलन के लिए बेहद जरूरी है वन्य जीवों का संरक्षण

वन्य जीव हमारी धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन अपने निहित स्वार्थों तथा विकास के नाम पर मनुष्य ने उनके प्राकृतिक आवासों को बेदर्दी से



योगेश कुमार गोयल
नजफगढ़,
नई दिल्ली

उजाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है और वनस्पतियों का भी सफाया किया है। धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए मनुष्य को प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखने की जरूरत होती है, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या इकोसिस्टम भी कहा जाता है। धरती पर अब वन्य जीवों और दुर्लभ वनस्पतियों की कई प्रजातियों का जीवनचक्र संकट में है। वन्य जीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनियाभर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत् विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवों में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। इन्हीं वन्य जीवों, वनस्पतियों और उनके आवासों को सुरक्षा प्रदान करने को वन्य जीव संरक्षण कहा गया है तथा इनके संरक्षण के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 3 मार्च को 'विश्व वन्यजीव दिवस मनाया जाता है। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है और इस वर्ष 'विश्व वन्यजीव दिवस लोगों और ग्रह को जोड़ना वन्यजीव संरक्षण में डिजिटल नवाचार की खोज थीम के साथ मनाया जा रहा है।

जीव-जंतुओं की तमाम प्रजातियां और वनस्पतियां मिलकर अत्यावश्यक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं और सही मायनों में वन्य जीव हमारे मित्र है, इसीलिए उनका संरक्षण किया जाना बेहद जरूरी है। हमें भली-भांति यह समझ लेना चाहिए कि इस धरती पर जितना अधिकार हमारा है, उतना ही इस पर जन्म लेने वाले अन्य जीव-जंतुओं का भी है। लेकिन आज प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्यजीव दिवस मनाए जाने के उद्देश्यों में विभिन्न किस्म की वनस्पतियों तथा जीव-जंतुओं पर ध्यान केन्द्रित करना, उनके संरक्षण के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाना, पूरी दुनिया को



वन्यजीव अपराधों के बारे में स्मरण करवाना और मनुष्यों के कारण इनकी प्रजातियों की संख्या कम होने के विरूद्ध कारवाई करना शामिल हैं।

समस्त स्थलीय और जलीय जीवों के लिए वन्य जीवों का बने रहना अत्यावश्यक है। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित अपनी चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से यह उल्लेख किया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे वन्य जीव पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते वन्य जीवों के आशियाने भी लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दुनिया के जंगली जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 'विश्व वन्यजीव दिवस' के आयोजन का निर्णय लिया गया। महासभा ने यह सुनिश्चित करने में साइट्स की महत्वपूर्ण भूमिका को भी मान्यता दी ताकि वह सुनिश्चित कर सके कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा नहीं है। ब्रिटिश काल से ही भारत में वन्यजीवों को सुरक्षा प्रदान करने और बचाने के लिए कानूनी प्रावधान किए जाते रहे हैं लेकिन चिंता की बात यह है कि उसके बावजूद वन्यजीवों की अनेक प्रजातियां पिछली एक सदी में लुप्त हो गई हैं। विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की 'लिविंग प्लेनेट रिपोर्ट 2022' में कुछ ही महीने पहले चौंका देने वाला यह चिंताजनक खुलासा भी हुआ था कि पूरी दुनिया में विगत पचास वर्षों में वन्यजीवों की आबादी करीब सत्तर फीसदी कम हुई है, जिनमें स्तनधारी, पक्षी, उभयचर, सरीसृप, मछली इत्यादि जीव शामिल हैं। हर दो साल में प्रकाशित होने वाली इस रिपोर्ट में बताया गया है कि वन्यजीवों की आबादी दुनियाभर में कैसे प्रभावित हो रही है। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के अनुसार वन्य जीवों को विलुप्त होने से बचाने के लिए देश में सबसे पहले वर्ष 1872 में ब्रिटिश शासनकाल में 'वाइल्ड एलीकेंट प्रोटेक्शन एक्ट' बनाया गया था। उसके बाद वर्ष 1927 में वन्य जीवों के शिकार और वनों की अवैध कटाई को अपराध मानते हुए 'भारतीय वन अधिनियम' अस्तित्व में आया, जिसके तहत सजा का प्रावधान किया गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1956 में 'भारतीय वन अधिनियम' पारित किया गया और 1972 में देश में वन्यजीवों को सुरक्षा प्रदान करने तथा अवैध शिकार, तस्करी और अवैध व्यापार को नियंत्रित करने के उद्देश्य से 'वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972' लागू किया गया। वर्ष 1983 में वन्य जीव संरक्षण के लिए 'राष्ट्रीय वन्य जीव योजना' शुरू की गई, जिसके तहत वन्य जीवों को इंसानी अतिक्रमण से दूर रखने और उनकी सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय पार्क और वन्य प्राणी अभयारण्य बनाए गए। जनवरी 2003 में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम में संशोधन किया गया और अधिनियम के तहत अपराधों के लिए जुर्माना तथा सजा को अधिक कठोर बना दिया गया। बहरहाल, प्रत्येक व्यक्ति के लिए यह समझना बेहद जरूरी है कि वन्य जीवों का संरक्षण हम सभी की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है क्योंकि वन्य प्राणियों की विविधता से ही धरती का प्राकृतिक सौन्दर्य है, इसलिए लुप्तप्रायः पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है।

# दलबदल के लिए दोषी कौन

राज्यसभा चुनाव में हुई क्रॉस वोटिंग के बाद इस बात पर बहस छिड़ी है कि दलबदल के लिए असली दोषी कौन है? भाजपा के नेता और उनके समर्थक कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राजद आदि पर ही ठीकरा फोड़ रहे हैं और कह रहे हैं कि जो पार्टी अपने विधायकों को नहीं संभाल पाई वह भाजपा से क्या लड़ेगी?हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का मजाक बनाया जा रहा है कि मुख्यमंत्री रहते उनको पता ही नहीं चला कि उनके विधायक साथ छोड़ कर जा रहे हैं। दूसरी ओर भाजपा विरोधी पार्टियों के नेता और सोशल मीडिया का उनका इकोसिस्टम भाजपा को दोषी बता रहा है। उनका कहना है कि भाजपा ने अपनी ताकत का इस्तेमाल करके डाका डाला' है तो इसमें कांग्रेस या सुक्खू या अखिलेश यादव की क्या गलती है?इस बहस में एक दिलचस्प बात यह है कि जो लोग दलबदल के लिए भाजपा की खूब आलोचना कर रहे हैं वे ही लोग कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की तारीफ कर रहे हैं कि उन्होंने अपने विधायकों को एकजुट रखा और भाजपा के एक विधायक से क्रॉस वोटिंग करा दी साथ ही एक दूसरे विधायक को गैरहाजिर करा दिया।बहरहाल, दोनों तरफ से दिए जा रहे तर्कों में मेरिट है और इसलिए बहस चल रही है। वैसे भी देश की राजनीति और साथ साथ समाज जिस तरह से वैचारिक आधार पर विभाजित हुआ है उसमें यह हैरानी वाली बात नहीं है। विभाजन ऐसा हो गया है कि एक पक्ष केंद्र सरकार और भाजपा की हर बात और हर कदम को सही ठहराता है तो दूसरा पक्ष विपक्ष की हर बात का समर्थन करता है। इसके बीच में या आसपास देखने की जरुरत ही नहीं समझी जाती है। हकीकत यह है कि इन दोनों तर्कों के बीच एक बड़ा क्षेत्र ऐसा है, जिसे समझने की जरुरत है। एक पक्ष यह मानता है कि मोहब्बत और जंग में सब जायज है' की तर्ज पर भाजपा ने ताकत का इस्तेमाल करके दूसरी पार्टी के विधायकों को तोड़ लिया तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है तो दूसरा पक्ष यह है कि भाजपा ने डाका डाला और लोकतंत्र की हत्या की है। लेकिन इन दोनों के बीच वे लोग भी तो हैं, जो पाला बदलते हैं।उनके बारे में कोई बात नहीं कर रहा है। वो कैसे लोग हैं, जिन्होंने किसी लालच में या दबाव में पाला बदला? यह सवाल तो उठता ही है कि अगर भाजपा किसी को अपनी ओर मिलाना चाहती है तो क्या वह जबरदस्ती कर रही है या मिलने वाले की भी मर्जी हो रही है? यह भी सवाल है कि अगर कोई विधायक या सांसद किसी पार्टी को छोड़ कर जाने का मन बना ले और पार्टी के नेता या मुख्यमंत्री को इसकी जानकारी भी हो जाए तो वह किस तरह से उसे रोक सकता है? जाने वाले को कौन रोक सकता है!असल में राजनीति के व्यक्ति केंद्रित होते जाने और सत्ता को अंतिम लक्ष्य या साध्य मानने की सोच ने भारतीय राजनीति को बहुत ज्यादा दूषित कर दिया है। हां, यह जरूर कह सकते हैं कि इसका प्रदूषण बढ़ाने में या इसे मौजूदा शक्ल देने में भाजपा ने बड़ी भूमिका निभाई है। उसने लालच के साथ साथ भय का एक भी तत्व इसमें जोड़ दिया है। हालांकि ऐसा नहीं है कि पहले दलबदल नहीं होते थे या पहले राज्यसभा के चुनावों में विधायक क्रॉस वोटिंग नहीं करते थे।



आजादी के बाद हर समय ऐसा होता रहा है। लेकिन लंबे समय तक दलबदल वैचारिक आधार पर होता था। दलगत आधार पर भी दलबदल हुए लेकिन उसमें भी कहीं न कहीं विचारधारा का हाथ रहा।एक ही विचारधारा की कई पार्टियां थीं, जिसके नेता इधर से उधर आते जाते थे। लेकिन अब दलबदल विशुद्ध रूप से निजी स्वार्थ से संचालित हो रहा है। अब विचारधारा का कोई मतलब नहीं है। कह सकते हैं कि पहले विचारधारा की गोंद नेताओं को बांधे रहती थी, लेकिन अब सत्ता एकमात्र गोंद है, जिससे नेता बंधे हुए हैं। इसलिए सिर्फ भाजपा को दोष देने से काम नहीं चलेगा। भाजपा खरीदार की तरह मंडी में बैठी है और नेता बिकने के लिए आ रहे हैं। सोचें, देश में पशुओं का मेला लगता है, जिसमें पशुओं के मालिक उन्हें बेचने के लिए ले जाते हैं लेकिन इंसान तो खुद ही जा रहे हैं बिकने के लिए! गुजरात में नाराण भाई राठवा अपने बेटे संग्राम राठवा के साथ कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में चले गए। सोचें, जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तब उनको रेल मंत्री बनाया गया था। बाद में कांग्रेस ने उनको राज्यसभा में भेजा। उनका राज्यसभा का कार्यकाल तीन अप्रैल 2024 को समाप्त हो रहा है। उससे एक महीना तीन दिन पहले उनको लगा कि अब कांग्रेस राज्यसभा या कुछ और पद देने की स्थिति में नहीं है तो उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी और भाजपा में चले गए। इसका कांग्रेस नेतृत्व की कमजोरी से कोई लेना-देना नहीं है और न इसके लिए भाजपा की आलोचना करने की जरुरत है। यह विशुद्ध रूप से उस व्यक्ति के निजी स्वार्थ का मामला है।इसी तरह हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने वीरभद्र सिंह को छह बार मुख्यमंत्री बनाया। जब राज्य में कांग्रेस की सरकार नहीं होती थी तो उनको केंद्र में मंत्री बनाया जाता था। अब भी उनकी पत्नी प्रतिभा सिंह प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष हैं और बेटे विक्रमादित्य सिंह राज्य सरकार में मंत्री हैं। लेकिन वे आज अगर कांग्रेस को नुकसान पहुंचा रहे हैं तो उसमें कांग्रेस या सुखविंदर सिंह सुक्खू की कमी नहीं है। जब नेता अपना दीन ईमान छोड़ दे और सत्ता या धन के लिए कुछ भी करने को तैयार हो जाए तो फिर उसमें कोई भी पार्टी क्या कर सकती है?राजनीति में नैतिक मूल्यों के निरंतर ह्रास को समझने की जरुरत है। यह भी समझने की जरुरत है कि अगर राजनीति समाज का आईना है तो समाज की क्या स्थिति हो गई है? इसको ठीक किए बगैर यह उम्मीद नहीं की जा सकती है कि राजनीति स्वच्छ हो जाएगी। इसमें एक पहलू दलबदल कानून और उसके अमल का भी है। जिस तरह से कानूनी मामलों में कहा जाता है कि न्याय प्रक्रिया ऐसी है कि अपराधियों को सजा नहीं होती है और उनका हौसला बढ़ जाता है। उसी तरह दलबदल के मामले में भी है। दलबदल करने वाले विधायकों या सांसदों पर महीनों, बरसों तक कोई कार्रवाई नहीं होती है। स्पीकर मामले को लटका कर रखते हैं और सदस्यों का कार्यकाल खत्म हो जाता है। झारखंड में बाबूलाल मरांडी, प्रदीप यादव और बंधु तिर्की का मामला चार साल से लंबित है। बंधु तिर्की काफी पहले विधायक से हट भी गए और उनकी जगह उनकी बेटी विधायक बन गई। लेकिन स्पीकर का फैसला नहीं आया। महाराष्ट्र में भी सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद स्पीकर का फैसला आया। सोचें, ऐसे में कोई विधायक या सांसद दलबदल करने से घबराएगा? राजनीति में नैतिक मूल्यों की बहाली तो होते होते होगी लेकिन उससे पहले यह कानून बनना चाहिए कि अगर किसी पार्टी का विधायक या सांसद इस्तीफा देता है तो वह अनिवार्य रुप से विधानसभा या लोकसभा से इस्तीफा देगा और उसके फिर से चुनाव लडने् पर एक निश्चित समय तक रोक रहेगी। इस तरह का कोई प्रभावी उपाय करना होगा।

-अजीत द्विवेदी-

# टिकट बंटवारे में भी मोदी मैजिक का ध्यान रखेगी भाजपा

17-18 फरवरी को दिल्ली में हुई भाजपा कार्यकारिणी की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने टिकटों को लेकर जेपी नड्डा और अमित शाह को कुछ टिप्स दिये थे। इनमें प्रमुख रूप से जिन बातों पर जोर था उनमें यह भी था कि बहुत जरूरी होने पर ही 75 पार के उम्मीदवार को टिकट दिया जाए।

मोदी ने यह भी कहा था कि महिला उम्मीदवारों की संख्या 33 प्रतिशत बढ़ाई जाए। ब्यूरोक्रेट्स को महत्व दिया जाए और तीन बार के सांसदों से तौबा किया जाए और परिवारवाद से बचा जाए। मोदी ने निर्देश दिया था कि ऐसे उम्मीदवारों पर ध्यान दिया जाए जो पार्टी में सक्रिय न हों लेकिन अपने क्षेत्र में जिनका बड़ा नाम हो।

मोदी ने कहा था कि 29 फरवरी तक कम से कम 300 सीटों के उम्मीदवार फाइनल कर लिये जाएं। मोदी से मिले टिप्स और दिशा निर्देश के बाद अमित शाह और अध्यक्ष नड्डा ने लगातार 11 दिन मैराथन बैठक कर 11 राज्यों से आने वाली 306 सीटों पर संभावित उम्मीदवारों का पैनल तैयार कर लिया था।

29 फरवरी को केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक शुरू होने के 6 घंटे पहले दोपहर 12 बजे प्रधानमंत्री मोदी को यह सूची सौंप दी थी। इसके बाद केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में लगभग 190 नामों पर मुहर लग गई है। इन नामों को रविवार या सोमवार को सार्वजनिक किया जा सकता है।

भाजपा की पहली सूची बेहद चौंकाने वाली हो सकती है। भाजपा के कई दिग्गजों का नाम पहली सूची में नदारद हो सकता है। 370 सीटों का टारगेट लेकर चल रही भाजपा के लिए एक-एक सीट महत्वपूर्ण है और इस कारण भाजपा हर सीट पर सभी समीकरणों पर खरा उतरने वाले उम्मीदवार पर मुहर लगाने की तैयारी में है। भाजपा हर सीट का महत्व जानती है इसलिए छोटे छोटे दलों को भी साधने की हरसंभव कोशिश कर रही है। असम की सभी 14 लोकसभा सीटों को जीतने के लिए भाजपा ने असम गण परिषद को दो सीटें और एक सीट यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल को दी है। इसी तरह उत्तर प्रदेश में सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा अपने सहयोगी दलों में शामिल अपना दल को मिर्जापुर और राबर्टसगंज, जयंत चौधरी की पार्टी को बिजनौर और बागपत, ओपी राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को घोसी और संजय निषाद की पार्टी को खलीलाबाद सीट दे सकती है।



बिहार में भाजपा का गठबंधन जेडीयू, लोकजनशक्ति पार्टी, जीतनराम मांझी की हम पार्टी से गठबंधन है। अभी गठबंधन में सीटों का बंटवारा नहीं हुआ है, इस कारण बिहार की सीटों का नाम पहली सूची में आने की संभावना कम है। झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में से भाजपा ने 13 सीटों पर लड़ने का मन बनाया है। झारखंड में अपने सहयोगी आजसू को गिरडीह सीट और कुछ ही दिन पूर्व वीरभूम से कांग्रेस की सांसद गीता कोडा के भाजपा में आने के बाद यह सीट गीता कोडा को मिलना तय है। खबर है कि भाजपा के दिग्गज नेता और मोदी के कटु आलोचक रहे यशंवत सिन्हा के बेटे जयंत सिन्हा का टिकट हजारीबाग से कट सकता है। भाजपा पहली सूची में झारखंड की राजमहल सीट घोषित कर सकती है क्योंकि 2019 में भाजपा यह सीट हार गई थी। पंजाब को लेकर भाजपा ने अभी नाम फाइनल नहीं किए है। भाजपा अकाली दल से बातचीत कर रही है। पंजाब से उम्मीदवारों के नाम भाजपा दूसरी सूची में जारी करेगी। चंडीगढ सीट से भाजपा युवराज सिंह को उतार सकती है। हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों में से 4 सीटों पर भाजपा पहली सूची में उम्मीदवार घोषित कर सकती है। हिमाचल में भाजपा कांग्रेस के संकट पर नजर रख रही है। भाजपा कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के अगले कदम का इंतजार कर रही है। अगर प्रतिभा सिंह से बात बन जाती है और हिमाचल में कोई बड़ा खेला होता है तो प्रतिभा सिंह मंडी से भाजपा की उम्मीदवार बन सकती हैं। फिलहाल हिमाचल की सीटें पहली सूची में शामिल नहीं होगी। राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड को लेकर भाजपा को पूरा भरोसा है कि वह इन राज्यों की सभी 56 सीटें जीतेगी।

उत्तर प्रदेश के बाद सबसे ज्यादा लोकसभा सीटें देने वाले राज्य महाराष्ट्र में भाजपा उद्धव ठाकरे, कांग्रेस और शरद पवार में होने वाले सीटों के बंटवारे के बाद उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर सकती है। महाराष्ट्र में भाजपा 35 सीटों पर लड़ सकती है और सहयोगी दल एकनाथ शिंदे और अजीत पवार के साथ अन्य छोटे दलों को मिलाकर 13 सीटें दे सकती है। मध्य प्रदेश में 2019 में हारी एकमात्र सीट छिंदवाडा में भाजपा कोई नया प्रयोग कर सकती है। नकुलनाथ को भाजपा में लाकर या उनके सामने कोई तगड़ा उम्मीदवार उतारने की रणनीति पर भाजपा काम कर रही है। भाजपा पहली सूची में दक्षिण के राज्यों तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना और कर्नाटक को शामिल कर सकती है। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद भाजपा कर्नाटक को लेकर गंभीर है। कर्नाटक के कई दिग्गज नेताओं का टिकट कट सकता है। तमिलनाडु और केरल में भाजपा टिकट बंटवारे में नए प्रयोग करने की पूरी संभावना है जिससे यहां कमजोर होने के बाद भी खाता खुलने की संभावना बने। केरल में छोटे छोटे दलों से गठबंधन और तमिलनाडु में विरोधी दलों के बागी को साधकर भाजपा अपने लिए संभावना तलाश रही है। ऐसे में पहली सूची में दक्षिण भारत को प्रतिनिधित्व मिलना तय है।

आंध्र प्रदेश में भाजपा और तेलगू देशम पार्टी का गठबंधन लगभग तय है। गठबंधन का ऐलान होने के बाद भाजपा दूसरी सूची में आंध्र प्रदेश के नामों की घोषणा कर सकती है। तेलंगाना में पिछले चुनाव में 4 सीटें जीतनेवाली भाजपा पहली सूची में उम्मीदवारों के नाम दे सकती है। तेलंगाना में विधानसभा चुनाव हारे तीन सांसदों का टिकट भी भाजपा काट सकती है। तेलंगाना में बीआरएस के कुछ नेताओं का नाम भाजपा की सूची में शामिल हो सकता है। तेलंगाना में भाजपा की नजर बीआरएस के असंतुष्टों पर है। भाजपा की कोशिश 10 मार्च तक पचास प्रतिशत उम्मीदवार घोषित करने की है। गौरतलब है कि 2019 के चुनाव में भी भाजपा ने अधिसूचना जारी होने के कुछ दिन पहले 164 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। पहली सूची में प्रधानमंत्री मोदी का वाराणसी से चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है। लेकिन अपने हर फैसले से चौंकाने वाले मोदी अपनी सीट को लेकर चौंका भी सकते हैं। मोदी के अयोध्या से भी लड़ने की चर्चा है। इसके अलावा मोदी के दक्षिण की किसी सीट से लड़ने की खबरें भी हैं। मोदी देश को यह बताने की कोशिश कर सकते हैं कि वह पूरे देश के नेता है और किसी भी सीट से चुनाव जीतने का माद्दा रखते हैं। ऐसे में मोदी के वाराणसी के अलावा किसी अन्य सीट से लड़ने की संभावना को खारिज नहीं किया जा सकता।

इसमें कोइ दो राय नहीं कि तीसरी बार 370 सीटों के साथ प्रधानमंत्री बनने का दावा करने वाले नरेन्द्र मोदी प्रत्याशियों के चयन में कोई कमी नहीं रहने देंगे। मोदी खुद एक एक सीट को मोनिटर कर रहे हैं। ऐसे में किसी का भी टिकट पक्का नहीं है। जिनके टिकट कटने की कल्पना कोई नहीं कर सकता उनके भी टिकट कट सकते हैं और जिनको टिकट मिलने की कोई सपने में भी नहीं सोच सकता उनको भी भाजपा से टिकट मिल सकते हैं। यही मोदी की भाजपा है। यहां कुछ भी संभव है। कुल मिलाकर कह सकते हैं कि भाजपा में टिकट चाहे जिसको मिले हर सीट पर उम्मीदवार मोदी ही नजर आयेंगे। इसी को नड्डा और शाह ने जीत का फार्मूला बनाया है। जीते कोई भी, दिखना यही चाहिए कि यह मोदी की जीत है। इसी को ध्यान में रखकर टिकटों का बंटवारा किया जाएगा ताकि चुनाव के दौरान और उसके बाद भी मोदी मैजिक बरकरार रहे। देखना यह होगा कि तीसरी बार यह फार्मूला कितना कारगर होगा।

-समीर चावगांवकर-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## एक कदम तो बढ़ा

एक कदम बढ़ा जज्बा दिखा
तेरी मंजिल तो राह निहारें है
एक छ्लांग लगा के तो देख
वो मुकाम तो पास तुम्हारे हैं।
अपने दिल को छोटा न कर
अपने मन को, खोटा न कर
एक सपने सजा के तो देख
पूरे होंगे जरूर सपने सारे हैं।
आगे बढ़ खुद से हिम्मत कर
और अपना तू हौसला दिखा
ये वक्त नही है तेरे सोचने का
सफलता तेरी, राह निहारे हैं ।
आगे बढ़ तू सतत आगे बढ़
पीछे तू कभी मुड़ क न देख
मंजिल तुझको पहुंचना ही है
तेरी मंजिल तुझको पुकारे हैं।
तू कमजोर नही तू लाचार नही
तुझमें बल है तुझमें हौसला है
तुझमें आत्मबल है तू अटल है
तू साहसी है तू न हिम्मत हारे है।
तू कमर कस ले,मन दृढ करले
अपनी ये इरादे तू बुलंद कर ले
अपना पुरा आत्मविश्वास जगा
किस्मत के चमकेंगे तेरे सितारे हैं।



अशोक पटेल आशु
मेघा,धमतरी
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## मधुमास सखी

जब मन के तारों को छूकर,
कोई प्रीति सुनाता है।
जब उर की कोमल डाली पर,
पात नवल लहराता है।
होने लगता है मन को इक
अनबोला अहसास सखी।
हाँ चुपके से हौले से तब,
आ जाता मधुमास सखी।
जब साँसों में इत्र सरीखी,
महक बिखर कर रह जाये।
जब पाती प्रेमिल सी कोई,
बस नयनों से कह जाए।
जब दूरी में भी सहचर बन,
रहते हों वो पास सखी।
हाँ चुपके से हौले से तब,
आ जाता मधुमास सखी।
जब लज्जा के पट को खोले,
नर्तन करते हैं सपने।
पूर्ण अपरिचित होकर के भी
लगने लगते वो अपने।
नैसर्गिक सुख का होता है,
हर क्षण ही आभास सखी।
हाँ चुपके से हौले से तब,
आ जाता मधुमास सखी।
कोमल मन के आवेग सभी,
सीमाएँ हों तोड़ रहे।
जब पदचिह्न मिलन ऋतु के ही,
दृश्य धरा पर छोड़ रहे।
जब मधुरिम सी दर्द लहर इक,
उठती मन में खास सखी।
हाँ चुपके से हौले से तब,
आ जाता मधुमास सखी।



प्रीति चौधरी मनोरमा
बुलंदशहर
उत्तरप्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# सीजीएमएससी द्वारा निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरियों के निर्माण में गुणवत्ता का नहीं रखा गया ध्यान,हुई शिकायत

## » शिकायतकर्ता का है आरोप मामले में जिम्मेदार अधिकारी जांच कर नहीं कर रहे उचित कार्यवाही

» प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरियों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को लिखा है इस आशय का पत्र

» प्रभारी चिकित्साधिकारी के सूचना उपरांत भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने नहीं लिया है मामले में संज्ञान

» मामला बलरामपुर रामानुजगंज जिले के ग्राम बरियों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण में बरती गई अनियमितता से जुड़ा हुआ






- संवाददाता -
बलरामपुर/राजपुर, 02 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के राजपुर विकासखण्ड अंतर्गत आने वाले ग्राम बरियों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है ऐसा आरोप एक शिकायतकर्ता ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बलरामपुर को शिकायत पत्र लिखकर बताया है।

भवन का निर्माण छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन के द्वारा कराया गया है और भवन निर्माण का कार्य भी उसी विभाग के ठेकेदार ने किया है।

शिकायतकर्ता के अनुसार भवन का निर्माण करते समय रेत की जगह स्टोन डस्ट का प्रयोग हर जगह किया गया है,बात जुड़ाई,प्लास्टर,फर्स निर्माण सहित यदि टाइल्स लगाने की भी हो हर जगह रेत की जगह स्टोन डस्ट का ही प्रयोग ठेकेदार ने किया है जिससे भवन की गुणवत्ता ही आरंभ से ही खराब है।

शिकायतकर्ता के अनुसार भवन के सामने की बाउंड्रीवॉल भी नई बनाई जानी थी लेकिन उसकी जगह पुराने बाउंड्रीवॉल को ही रंग रोगन कर फिर से सुंदर बनाने का प्रयास किया गया है और बाउंड्रीवॉल बनाए बिना भी पैसा आहरित कर लिया गया है।

बात यदि की जाए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए जल प्रदाय करने हेतु बोरवेल उत्खनन की तो उसमे भी भ्रष्टाचार की शिकायत शिकायतकर्ता ने की है और उसने यह आरोप लगाया है की बोरवेल का खनन कम किया गया है और बिल ज्यादा का लगाया गया है।

भवन में जहां जहां मजबूती के लिए स्टील का प्रयोग किया जाना था वहां वहां स्टील भी नहीं लगाया गया है,बिजली फिटिंग के दौरान भी सामान गुणवत्ता विहीन प्रयोग किया गया है।

शिकायतकर्ता का आरोप है की शिकायत के बाद भी न तो अब तक ठेकेदार पर कार्यवाही हुई है न ही जिम्मेदार अधिकारी पर जबकि निर्माण कार्य इंजिनियर की देखरेख बिना संभव ही नहीं हो सकता था।

वैसे मामले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने भी मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी बलरामपुर को पत्र लिखा है जिसमे उन्होंने 10 बिंदुओं के आधार पर यह अवगत कराया है की किस तरह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरियों की हालत भवन और अन्य मामलों में बुरी है जिसके कारण दिक्कतें सामने आ रही हैं।

फर्श,छत,दीवार,नल,बिजली,मोटर पंप सहित हर विषय पर 10 बिंदुओं में जानकारी उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को देते हुए यह भी अवगत कराया है की उन्होंने सीजीएमएससी के इंजिनियर और ठेकेदार को अवगत कराया गया मामले में उन्होंने कोई न तो जवाब दिया और न ही भवन की हालत ही देखने आए।

वैसे पूरे मामले में यह ध्यान देने वाली बात है की यह कोई इकलौता मामला नहीं है,शासकीय भवनों का निर्माण खासकर अस्पताल और विद्यालय भवनों का जिस तरह गुणवत्ता विहीन तरीके से हो रहा है उसे देखते हुए कहा जा सकता है की कोई भी मामले में इसलिए हस्तक्षेप नहीं करेगा क्योंकि मामला हाई लेवल भ्रष्टाचार से जुड़ा रहता है।

शासकीय भवनों का निर्माण और निर्माण के बाद उनका भविष्य अब 4 से 5 वर्ष ही रह गया है क्योंकि छत से जल रिसाव, सिपेज,सहित फर्श का टूटना छज्जा गिरना यह आम विषय हो गया है।

निर्माण कार्य में बड़े अधिकारियों और विभागीय अधिकारियों का भी हिस्सा तय रहता है इसलिए वह भी मामले में मौन हो जाते हैं जब शिकायत सामने आती है।

आज स्वास्थ्य विभाग की यदि बात की जाए तो सेवा दे रहे चिकित्सकों को छोड़ भी दें तो विभाग के लिपिक तक धन्ना सेठ बन बैठे हैं जिनकी शानो शौकत देखकर उनके आय के हिसाब से उनके रहन सहन के स्तर का अंदाजा लगाया जा सकता है की आखिर उन्हे वेतन से इतना क्या मिल जा रहा है जो वह ऐसी शानो शौकत दिखा पा रहे हैं।

# कट्टे की नोक पर चालक को नशीले पदार्थ खिलाकर बदमाशों ने लूट ली स्कॉर्पियो

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 02 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

कट्टे की नोक पर चालक को बंधक बनाकर स्कार्पियो लूटने का मामला सामने आया है। बदमाशों ने चालक का हाथ-पैर बांधकर लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम केवरा और टपरकेला के बीच सडक़ पर फेंक था। मारपीट से चालक को चोट आई है। घायल चालक को लखनपुर में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज अस्पताल भर्ती कराया गया है। आरोपियों ने स्कॉर्पियो को किराए पर लिया था।




जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह 5-6 युवकों ने सीतापुर थाने के सामने से एक स्कॉर्पियो बुक किया था। बुकिंग की बातचीत सीतापुर निवासी चालक शहबान अली उम्र 30 वर्ष से हुई थी। भाड़ा तय होने पर चालक शबहान अली के साथ सभी स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 15 डीडी 1836 से मैनपाट घुमने गए। यहां सभी अनमोल रिसार्ट में भोजन किया और चालक को भी खिलाया। घुमने के दौरान मैनपपट दलदली में युवको ने कट्टे की नोक पर चालक को नशीला पदार्थ खिला दिया। इससे उसे नींद आने लगी। उल्टा पानी जाने वाले रास्ते में चालक के गले पर युवकों ने रस्सी डाल दी और खींचा तो हड़बड़ाकर चालक ने गाड़ी रोक दी। इस दौरान मौके पर मोटरसाइकिल में सवार होकर दो युवक और पहुंचे। एक युवक ने चालक के सिर पर कट्टे की बट से वार किया। उसके हाथ-पैर बांध दिए और उसे गाड़ी में डाल दिया। चालक को कब्जे में लेने के बाद उसी में से एक युवक ने स्कार्पियो चलाना शुरू किया। मैनपाट से दरिमा होते वाहन को बेलखरिखा की ओर ले गए। लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम केवरा और टपरकेला के बीच पहुंचे और स्कार्पियो रोक कर चालक को सडक़ पर फेंकर वाहन लेकर फरार हो गए।

बदहवास चालक ने किसी तरह अपने हाथ खोले और रिश्तेदार को फोन लगाया। सूचना पर डायल 112 वाहन की टीम मौके पर पहुंची और चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखनपुर पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। क्यों कि चालक के सिर पर गंभीर है। बताया जा रहा है कि मैनपाट थाना क्षेत्र में एक बाइक भी लावारिश मिली है इसका उपयोग आरोपितों द्वारा ही किए जाने का संदेह है। लखनपुर और सीतापुर पुलिस अलग-अलग जांच में जुटी हुई है। आरोपितों के पेशेवर लूटेरे होने की संभावना है। लूटी गई स्कार्पियो सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी परिवार की बताई जा रही है।

# भाजपा ने की लोकसभा उम्मीदवारों की घोषणा,सरगुजा से चिंतामणि महाराज होंगे प्रत्याशी

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 02 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

लोकसभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ की सभी 11 संसदीय सीटों के लिए भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। सरगुजा सीट से कांग्रेस से बागी होकर भाजपा में शामिल हुए चिंतामणि महाराज को अपना उम्मीदवार बनाया है। चिंतामणि महाराज के नाम की घोषणा कर भाजपा ने अपना वादा पूरा किया। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने के बाद चिंतामणि महाराज ने भाजपा में प्रवेश किया था।



भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद दिल्ली स्थित भाजपा कार्यालय में शनिवार को संसदीय सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की गई। इसमें सरगुजा सीट से चिंतामणि महाराज को टिकट दी गई। चिंतामणि के नाम की घोषणा होते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। गौरतलब है कि चिंतामणि महाराज इसके पूर्व 2 बार कांग्रेस से लुंड्रा व सामरी विधानसभा सीट से विधायक रह चुके हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में उन्हें कांग्रेस ने टिकट नहीं दी थी, इसके बाद उन्होंने भाजपा में प्रवेश किया था।



# डेढ़ लाख रुपये के गांजे के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर, 02 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

जिले की रामानुजनगर पुलिस ने डेढ़ लाख रुपये के गांजे के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा है। शुक्रवार को रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोटर सायकल में गांजा लेकरसूरजपुर-केतका होते हुए राजापुर बिक्री करने आने वाला है।सूचना पर रामानुजनगर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम राजापुर में घेराबंदी कर मोटर सायकल सहित सचिन्द्र पटेल उम्र 29 वर्ष ग्राम इंजानी, थाना चलगली जिला बलरामपुर को पकड़ा जिसके कब्जे से 7 किलो 500 ग्राम गांजा कीमत 1 लाख 50 हजार रूपये का जप्त किया गया। मामले में गांजा एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त करते हुए धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर प्रकाश राठौर, एएसआई मनोज पोर्ते, बिसुनदेव पैंकरा,आरक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, अमलेश्वर कुमार व गणेश सिंह सक्रिय रहे।

# अपहरण कर महिला से 6 माह तक किया बलात्कार, दो गिरफ्तार

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 02 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

चार माह पूर्व 1 महिला को अगवा कर बाइक से दो युवक उदयपुर ले गए। जहां एक युवक ने 6 माह तक उसके साथ बलात्कार करता रहा। पीड़िता किसी तरह भाग कर घर पहुंची और मामले की जानकारी मणिपुर पुलिस को दी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने बलात्कारी व अगवा करने में सहयोग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



पुलिस के अनुसार चार माह पूर्व एक महिला अंबिकापुर से अपने घर जाने निकली थी। रास्ते में संजय यादव और चुपन उर्फ नरेश यादव ने उसे अगवाकर बाइक में बैठाकर उदयपुर ले गए। जहां संजय यादव ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी देते हुए 6 माह तक जबरन बलात्कार किया। पीड़िता मौका पाकर किसी तरह भाग कर अपने घर पहुंची और मामले की जानकारी परिजन को दी। इसके बाद वह परिजन के साथ मणिपुर थाना पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी संजय यादव उम्र 34 वर्ष निवासी मलगांव थाना कोतवाली अम्बिकापुर व चुपन उर्फ नरेश यादव उम्र 23 वर्ष निवासी मलगांव थाना कोतवाली अम्बिकापुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 365, 376 (2) (छ), 506 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।




# 7 दिवसीय लर्निंग लाइसेंस शिविर का शुभारंभ

- संवाददाता -

**अम्बिकापुर, 02 मार्च 2024 (घटती-घटना)।** सडक़ सुरक्षा अभियान अंतर्गत सरगुजा पुलिस एवं परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 7 दिवसीय लर्निंग लाइसेंस शिविर का शुरूआत किया गया। शिविर पीजी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित की गई है। जहां लोगों ने पहुंचकर अपना पंजीयन करवाया। शिविर 8 मार्च तक चलेगा। शिविर में अधिक से अधिक लोग पहुंचकर लर्निंग लाइसेंस बनवाने की अपील सरगुजा पुलिस द्वारा की गई है।

# सार्वजानिक स्थानों पर बैठकर शराब पिने वाले 28 आरोपियों पर पुलिस ने की कार्रवाई

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,02 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

जिले में राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में 2 सेक्टर प्रभारी नियुक्त करते हुए थाना कोतवाली एवं मणीपुर, तथा गांधीनगर थाना क्षेत्र में सार्वजानिक रूप से खुले में शराब पिने वाले व्यक्तियों पर सख्ती से कार्रवाई करने हेतु रवाना किया गया था, पुलिस टीम में कुल 20 पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए अभियान चलाकर सार्वजानिक रूप से शराब का सेवन करने वाले व्यक्तियों पर कार्रवाई करते हुए 16 प्रकरणों में आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

आरोपियों से पूछताछ में अपना नाम शिव कुमार जायसवाल उम्र 28 वराह साकिन अखोराकला जयनगर, दीपक कुमार जायसवाल उम्र 34 वर्ष साकिन दुप्पी थाना राजपुर, कौशल कुमार कौशिक उम्र 34 वर्ष साकिन अखोराकला थाना जयनगर, मेहताब शाह उम्र 24 वर्ष साकिन मायापुर अम्बिकापुर, कुंज बिहारी सोनी उम्र 48 वर्ष साकिन नमनाकला, संतोष सोनी 45 वर्ष साकिन बौरिपारा, सत्यम गुप्ता उम्र 25 वर्ष साकिन रईस मिल रोड के पास गांधीनगर, अब्दुल वाहिद उम्र 24 वर्ष साकिन मायापुर, विशाल गुप्ता उम्र 20 वर्ष साकिन मायापुर अम्बिकापुर, रोशन जायसवाल उम्र 19 वर्ष साकिन बौरिपारा



अम्बिकापुर, लक्ष्मण यादव उम्र 24 वर्ष साकिन ब्राम्हरोड अम्बिकापुर, अजय यादव उम्र 24 वर्ष साकिन शीतला वार्ड ब्राम्हरोड अम्बिकापुर (13) रामाप्रसाद यादव उम्र 38 वर्ष, राजेश कुमार सिदार उम्र 25 वर्ष, जितेन्द्र राजवाडे उम्र 22 वर्ष, विनय कुमार साहु उम्र 32 वर्ष सा. प्रेमनगर सुरेश शंकर उम्र 22 वर्ष सा. सन्त्रा हामु. सुभाषनगर, किशन महापात्र उम्र 23 वर्ष गोधनपुर चंद गैरेज के पास,मनी विश्वकर्मा उम्र 24 वर्ष सा. गुटरापारा, विपुल विश्वास उम्र 21 वर्ष सा. संजयनगर शुभांकर सरकार उम्र 31 वर्ष सा. मनेन्द्रगढ़, विशाल सरकार उम्र 24 वर्ष सा. डिगमा, नीरज यादव उम्र 31 वर्ष सा. बकमेर, सुजीत मण्डल सा. कंचननगर अनिल कुमार उम्र 32 वर्ष सा. बेन्दुआपारा, जीवन प्रकाश सिरदार उम्र 28 वर्ष सा. नागम पसीना अजीत कुमार यादव उम्र 23 वर्ष सा. कटरा थाना बलौदा, आयुष सारथी उम्र 20 वर्ष सा. बधिमा का होना बताया, मामले मे कुल 28 व्यक्तियों की धरपकड़ की गई, पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त व्यक्तियों के विरुद्ध 36 (च) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई नगर पुलिस अधीक्षक रोहित कुमार शाह, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक शुभम तिवारी, उप निरीक्षक प्रेमसागर खुटिया,अश्वनी दीवान, सहायक उप निरीक्षक अभिषेक दुबे, अनिल सिंह अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

# दक्षिण लाल सागर में डूबा मालवाहक जहाज 'रुबिमार'

## हूतियों ने बनाया था निशाना,यमन सरकार ने दी जानकारी

**सना,02 मार्च 2024।** मालवाहक जहाज रूबिमार दक्षिण लाल सागर में डूब गया है। पिछले महीने हूतियों के हमले के बाद इस जहाज को छोड़ दिया गया था। यमन सरकार ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी।



### 41,000 टन उर्वरक लेकर जा रहा था जहाज

सरकार की ओर से जारी बयान के मुताबिक, जहाज शुक्रवार की रात डूबा। अमेरिकी सेना की मध्य कमान ने पहले बताया था कि मालवाहक जहाज पर जब हमला हुआ, उस समय वह 41,000 टन से ज्यादा उर्वरक लेकर जा रहा था। अमेरिकी सेना ने कहा था कि हमले से मालवाहक जहाज को काफी नुकसान पहुंचा है।

### बुल्गारिया की तरफ बढ़ रहा था मालवाहक जहाज

ब्रिटेन के स्वामित्व वाला मालवाहक जहाज रुबिमार 18 फरवरी को बुल्गारिया की ओर बढ़ रहा था, तभी हूती विद्रोहियों ने उसे निशाना बनाया। हूती विद्रोही पिछले साल नवंबर से वाणिज्यिक जहाजों पर हमले कर रहे हैं। इन हमलों को मकसद वैश्विक व्यापार को बाधित करना है। ताकि इस्राइल पर गाजा पट्टी से सेना को वापस बुलाने का दबाव डाला जा सके।

### यमन सरकार की टीम ने किया था दौरा

बीते सोमवार को यमन सरकार की एक टीम ने बेलीज के झंडे वाले रूबिमार का दौरा किया था और कहा था कि यह आंशिक रूप से जलमग्न हो गया है और आने वाले कुछ दिनों में पूरी तरह से डूब सकता है।

### हूतियों ने दागी थीं दो बैलिस्टिक मिसाइलें

हूतियों ने दो बैलिस्टिक मिसाइलों से जहाज को निशाना बनाया था। जिनमें से एक मिसाइल से मालवाहक जहाज एक हिस्से में छेद हो गया था। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में जहाज का एक सिरा डूबा हुआ देखा जा सकता है। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने लाल सागर और बाब अल-मंदेब में अंतरराष्ट्रीय मालवाहक जहाजों पर नवंबर के मध्य से कई बार ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं।

# पीपीपी के सरफराज बुगती बने बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री,बोले-विकास के लिए विपक्ष को भी लाएंगे साथ



**बलूचिस्तान,02 मार्च 2024।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के उम्मीदवार सरफराज बुगती को शनिवार को बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री के तौर पर चुना गया। बुगती गर्वनर हाउस में शपथ ग्रहण समारोह में शपथ लेंगे। गौरतलब है कि उनके पक्ष में 41 वोट पड़े थे। उन्हें बलूचिस्तान के गवर्नर अब्दुल वली काकर नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री को शपथ दिलाएंगे।

### पीपीपी के उम्मीदवार को पीएमएल-एन का समर्थन

इसके अलावा, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेताओं ने भी उनका समर्थन किया है, जिनमें नवाब सनाउल्लाह खान जहरी और सरदार सरफराज चकर डोमकी भी शामिल हैं। बता दें सरफराज बुगती ने पिछले साल दिसंबर में कार्यवाहक आंतरिक मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया और बिलावल के नेतृत्व वाली पार्टी में शामिल हो गए।

### सफराज बुगती बोले- पीपीपी बातचीत में विश्वास रखती है

शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र जमा करने के बाद सरफराज बुगती ने कहा कि पीपीपी बातचीत में विश्वास करती है और उसने हमेशा बातचीत के जरिए मुद्दों का समाधान किया है। उन्होंने असंतुष्ट लोगों से मुख्यधारा में शामिल होने और देश के विकास में अपनी भूमिका निभाने का आग्रह किया। नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री ने बलूचिस्तान के विकास के लिए विपक्षी दलों से बातचीत की जरूरत पर जोर दिया। सरफराज बुगती ने कहा कि हम हमेशा से सकारात्मक आलोचना का स्वागत करते रहे हैं। बलूचिस्तान को आगे बढ़ाने के लिए विपक्ष के साथ आम सहमति बनाई जाएगी। हमारे दरवाजे हमेशा के लिए खुले रहेंगे।

# कोई भी देश,हमें हुक्म नहीं दे सकता, पाकिस्तान ने अमेरिका को दिखाई आंखें

**इस्लामाबाद, 02 मार्च 2024।** पाकिस्तान ने अमेरिका को आंखें दिखाते हुए उसके निर्देश को मानने से इनकार कर दिया है। दरअसल अमेरिका ने अपने एक बयान में कहा था कि पाकिस्तान के आम चुनाव में हुई कथित धांधली की पूरी निष्पक्षता और पार्दर्शिता के साथ जांच होनी चाहिए। अब पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर अमेरिका के निर्देश को मानने से साफ इनकार कर दिया है और कहा है कि कोई भी देश, पाकिस्तान को हुक्म नहीं दे सकता है।

### पाकिस्तान चुनाव में कथित धांधली की जांच को कहा था

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि कोई भी देश, पाकिस्तान को हुक्म नहीं दे सकता। पाकिस्तान एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र है। मुमताज जहरा बलोच ने कहा कि पाकिस्तान के आंतरिक मामलों में फैसले करने का अधिकार हमारा है। दरअसल पाकिस्तान में बीती 8 फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लग रहे हैं। इमरान खान की पार्टी




चुनाव में कथित धांधली के गंभीर आरोप लगा रही है। इसे लेकर हाल ही में अमेरिका के विदेश विभाग से जब सवाल पूछा गया तो अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैट मिलर ने कहा कि चुनाव में किसी भी कथित धांधली की पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से जांच होनी चाहिए। अपने एक अन्य बयान में मैट मिलर ने ये भी कहा कि पाकिस्तान चुनाव में धांधली के आरोपों से हम चिंतित हैं और हम चाहते हैं कि इन मामलों की जल्द और सही से जांच होनी चाहिए।

अमेरिका के बयान पर पाकिस्तान के विदेश विभाग ने कड़ी नाराजगी जताते हुए प्रतिक्रिया दी। इमरान खान की पार्टी पीटीआई चुनाव में धांधली के आरोप लगा रही है। हालांकि पाकिस्तान के चुनाव आयोग और कार्यवाहक सरकार ने पीटीआई के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है और कहा है कि जिस भी पार्टी को चुनाव नतीजों पर शंका है, उनके लिए कानूनी कार्यवाही का विकल्प खुला है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी के कुछ मुस्लिम नेताओं ने भी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से अपील की है कि वे पाकिस्तान की नई सरकार को मान्यता न दे, जब तक पाकिस्तान में हुए आम चुनाव की निष्पक्षता से जांच न हो जाए।



# नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को IMF की सिफारिशें, राजस्व प्राप्त करने के लिए कर बढ़ाने की दी राय

**इस्लामाबाद, 02 मार्च 2024।** नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को अतिरिक्त राजस्व हासिल करने के लिए कई सिफारिशें की है। शनिवार को आईएमएफ ने पाकिस्तान सरकार को कर बढ़ाने, कर स्लैब कम करने और पेंशनभोगियों को निजी नियोक्ताओं के योगदान पर कर छूट खत्म करने जैसे कई कदम उठाने की सिफारिश की है।

**अगर मानी गई सिफारिश तो पाकिस्तान को होगा लाभ-IMF**

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अनुमान लगाया है कि अगर व्यक्तिगत आयकर पर सिफारिशों को पूरी तरह से लागू किया गया, तो इससे सकल घरेलू उत्पाद का 0.5 प्रतिशत अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हो सकता है, जो वार्षिक आधार पर पाकिस्तानी 500 अरब रुपये के बराबर है।

**सिफारिश में कर स्लैब कम करने की सिफारिश**

रिपोर्ट में कहा गया है कि फेडरल बोर्ड ऑफ रेवेन्यू (एफबीआर) को आईएमएफ की सिफारिशें स्वीकार किए जाने पर वेतनभोगी और गैर वेतनभोगी वर्गों के लिए कर का बोझ दोगुना हो जाएगा। एफबीआर ने चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों (जुलाई-फरवरी) में अब तक वेतनभोगी वर्ग से 215 अरब पाकिस्तानी रुपये इकट्ठा किए हैं।

**आईएमएफ ने समीक्षा करने पर जोर दिया**

आईएमएफ ने एफबीआर से विशिष्ट क्षेत्रों में कर्मचारियों के लिए तरजीही उपचार, शेयरों में निवेश के लिए कर क्रेडिट, बंधक भुगतान के लिए कटौती, पूर्णकालिक के लिए कर कटौती को खत्म करने के लिए आयकर अध्यादेश (आईटीओ) की दूसरी अनुसूची और अध्याय III की समीक्षा करने के लिए कहा है।

# लुण्ड्रा में हाथी के हमले में किसान की मौत

- संवाददाता -

**अम्बिकापुर, 02 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम असकला झेराडीह में हाथी ने एक वृद्ध को कुचलकर मार डाला। वृद्ध खेत में पानी पटा रहा था। तभी उसकी सामना हाथी से हो गई। जानकारी के अनुसार झेराडीह निवासी केशव राम पिता रुस्तम कर उम्र 60 वर्ष शुक्रवार की रात 9 बजे गांव में ही अपने गेहूं के खेत में पानी पटा रहा था। इस दौरान अचानक एक हाथी वहां पहुंच गया। हाथी को देख वृद्धा वहां से भागने लगा। पर हाथी ने उसे सुड़ से उठाकर पटक दिया इसके बाद उसे पैर से कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पूरी रात जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। खेत की ओर गए तो उसकी लाश मिली। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस व वन विभाग को दी। सूचना पर वन विभाग व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। इस दौरान वन विभाग की टीम ने परिजन को तात्कालिक सहायता राशि के रूप में 15 हजार रुपए दी। वहीं दल से बिछडक़र दो हाथी सीतापुर वन परीक्षेत्र के ग्राम पेटला कुम्हार पारा में दल से बिछडक़र घुस आए हैं। हाथियों ने गांव में लगे गन्ने की फसल में डेरा जमाए हुए है। हाथियों के गांव में घुसने से ग्रामीणों में दहशत है। वहीं मौके पर डटे वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने हाथियों पर नजर जमाए हुए है। इस दौरान वन विभाग की टीम लोगों को हाथियों से दूर रहने की समझाइश दे रहे हैं।

# विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान के तहत आम जनता से सुझाव लेगी भाजपा : ललन प्रताप सिंह

- संवाददाता -

**अम्बिकापुर, 02 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज की उपस्थिति में भाजपा के आगामी कार्ययोजना को लेकर प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकसीत भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभारंभ आज छत्तीसगढ़ प्रदेश में करने जा रही है। इससे पूर्व भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय जेपी नड्डा जी ने सोमवार (26 फरवरी) को इस अभियान की शुरूआत राष्ट्रीय स्तर पर की है। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान के माध्यम से आम लोगों से सुझाव एकत्रित करने के इस अभियान के तहत 1 करोड़ से अधिक लोगों के सुझाव एकत्रित




करने के लक्ष्य के साथ इस अभियान में जुट चुकी है। अभियान के प्रथम चरण में विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभारंभ राष्ट्रीय स्तर पर 26 फरवरी को हुआ तत्पश्चात 27 व 28 फरवरी को प्रदेश स्तर पर फिर जिले स्तर पर इसकी लॉन्चिंग हुई है। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण में 27 फरवरी से 15 मार्च - विकसित भारत कोहोर्ट मिलन एवं संवाद कार्यक्रम के तहत विभिन्न संस्थाओं के ज्ञापन एवं सुझाव लेंगे तथा विभिन्न जनसंपर्क गतिविधियों में हम जुटेंगे और जनता से सीधा संवाद करेंगे। साथ ही एलईडी प्रचार वाहनों के माध्यम से देश भर के 500 लोकसभा क्षेत्रों में प्रचार अभियान चलाया जाएगा। साथ ही छोटी सभाएं आयोजित कर जनता से सुझाव एकत्रित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि घर-घर जनसंपर्क अभियान 08 मार्च से 10 मार्च तक होगा इस अभियान के तहत हम सभी भाजपा के कार्यकर्ता बूथ स्तरीय जनसंपर्क अभियान में निकल कर सघन जनसंपर्क करेंगे और जनता से सुझाव एकत्रित करेंगे। प्रकोष्ठों के कार्यक्रम (27 फरवरी से 15 मार्च) के तहत जिला स्तरीय गोष्ठी एवं विधानसभा स्तर पर छोटी बैठकों के माध्यम से संबंधित कोहोर्ट से सुझाव एकत्रित किए जाएंगे। भारतीय जनता पार्टी हमेशा से जनजुड़ाव जनसंवाद और जनता से सतत संपर्क पर विश्वास रखती है और इसलिए हमारा नारा है सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास और सबका विश्वास। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष टीका राम पटेल, संतोष दास, रूपेश दुबे, अनिल अग्रवाल, आकाश गुप्ता, उमाशंकर उपाध्याय, विशाल सिंह देव सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।




# डिप्टी कमिश्नर महावीर राम की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का हुआ आयोजन

- संवाददाता -

**अम्बिकापुर, 02 मार्च 2024 (घटती-घटना)।** सरगुजा सम्भगायुक्त कार्यालय में पदस्थ डिप्टी कमिश्नर महावीर राम की सेवानिवृत्ति पर सरगुजा संभागायुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में गुरुवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संभागायुक्त जीआर चुरेन्द्र ने उन्हें शॉल श्रीफल भेंट कर सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय सुभाषनगर के वार्षिकोत्सव समारोह में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन





- संवाददाता -

**अम्बिकापुर,02 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

शनिवार को सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय सुभाषनगर का15 वां वार्षिकोत्सव सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी नूतन कुमार कंवर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुपलेश, अपर कलेक्टर सुनील नायक, एसडीएम फागेश सिन्हा,जिला स्वीप आइकॉन संजय सुरीला,स्थानीय जनप्रतिधि,महाविद्यालय के प्रचार्य, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

समारोह की शुरुआत अतिथियों ने मां सरस्वती के छायाचित्र में माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर किया । इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में आगामी लोकसभा निर्वाचन हेतु स्वीप सरगुजा द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।इस दौरान रिचा एवं साथी द्वारा मतदाता जागरूकता समूह नृत्य, खुशबू एवं साथी द्वारा मतदान समूह नृत्य की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनों को मतदान के महत्व को बताया। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी नूतन कुमार कंवर ने लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी मतदान कर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने इस अवसर पर मतदाता जागरूकता शपथ भी दिलायी।

# दैनिक घटती-घटना की खबर पर एक बार फिर लगी मुहर...






# सरोज पांडेय ही होंगी कोरबा लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार

## शनिवार शाम हुई घोषणा,छत्तीसगढ़ के सभी 11 प्रत्याशियों की घोषणा

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,02 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

दैनिक घटती-घटना की खबर पर एक बार फिर मुहर लगी है,भाजपा ने राज्यसभा सदस्य व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय को कोरबा लोकसभा से उम्मीदवार बनाया है,इस बात को लेकर घटती घटना ने पिछले अंक में समाचार का प्रकाशन किया था,भाजपा द्वारा शनिवार शाम छत्तीसगढ़ की कोरबा समेत सभी 11 सीटो पर प्रत्याशियों की घोषणा की गई है,मंत्री बृज मोहन अग्रवाल को रायपुर से उम्मीदवार बनाकर भाजपा ने एक बार फिर चौकाया है तो वहीं दुर्ग से विजय बघेल एवं राजनांदगांव से संतोष पाण्डेय को दोबारा मौका दिया गया है। भाजपा द्वारा अपनी पहली सूची में रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल,दुर्ग से विजय बघेल,कोरबा से सरोज पांडे,महासमुंद से रूप कुमारी चौधरी, जांजगीर से कमलेश जांगड़े,बस्तर से महेश कश्यप,राजनांदगांव से संतोष पांडे,सरगुजा से चिंतामणि महाराज,बिलासपुर से तोखन साहू,रायगढ़ से राधेश्याम राठिया,कांकेर से भोजराज नाग को उम्मीदवार बनाया गया है। 11 उम्मीदवारों में विजय बघेल एवं संतोष पाण्डेय ही ऐसे प्रत्याशी हैं जिन्हे दोबारा मौका मिला है,जबकि बाकी सभी सीटों पर नए चेहरे उतारे गए हैं। पार्टी ने रायपुर से बृज मोहन अग्रवाल को मैदान में उतारकर फिर से लोगो को चौका दिया है।कोरबा लोकसभा से एक दर्जन से अधिक दावेदार थे लेकिन पार्टी ने अपने भरोसेमंद चेहरे पर दाव खेला है।कोरबा लोकसभा से प्रत्याशी बनाई गई सरोज पांडेय को। भारतीय जनता पार्टी ने कोरबा लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया अब सरोज पाण्डेय ही भाजपा उम्मीदवार होगी यह तय हो गया है, संभावना पहले से ही थी कि यहां से वर्तमान में राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय को चुनाव में उतारा जा रहा है,राज्यसभा से सुश्री पांडेय का कार्यकाल अब कुछ ही दिनों का शेष रह गया है। उन्हे कोरबा लोकसभा सीट से मैदान में उतारे जाने की बात को इसलिए भी बल और मिल रहा था जिसमें कि उनके द्वारा इस लोकसभा के सभी विधानसभा क्षेत्र में लगभग 1-1 करोड़ की राशि सोलर लाईट के लिए दी गई है। गुरूवार की रात दिल्ली में भाजपा केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक भी रखी गई थी जिसमें छत्तीसगढ की विभिन्न सीटों के साथ ही कोरबा लोकसभा सीट से भी उम्मीदवार तय होने की जानकारी मिल रही थी,वहीं अब नामो की घोषणा हो गई और सरोज पाण्डेय को कोरबा से उम्मीदवार बना दिया गया है।

### ऐसे में यह स्पष्ट था कि केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक मे लगेगी सरोज पाण्डेय के नाम पर मुहर

बतलाया जाता है कि गुरूवार रात दिल्ली में केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक रखी गई थी जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत गृह मंत्री अमित शाह,पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित समिति के सदस्य शामिल हुए। छत्तीसगढ से बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,प्रदेश अध्यक्ष किरण देव आदि नेताओं के शामिल होने की खबर थी। इस बैठक में पिछले लोकसभा चुनाव में हारी हुई सीटों के उम्मीदवार तय होने की जानकारी मिल रही थी वहीं यह अब तय हो गया की कोरबा से सरोज पाण्डेय ही लोकसभा में पार्टी उम्मीदवार होंगी। पार्टी ने इसकी घोषणा कर दी और अब कई दावेदारों की दावेदारी भी समाप्त हो गई।



### केन्द्रीय नेतृत्व की भरोसेमंद चेहरा हैं सरोज

सांसद सरोज पांडेय राज्य ही नही बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान रखती हैं,वे पूर्व में महापौर,विधायक एवं सांसद रह चुकी हैं। तथा पूर्व में महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर भी काम कर चुकी हैं,वर्तमान में वे पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। उन्हे केन्द्रीय नेतृत्व का भरोसेमंद चेहरा माना जाता है। अलग-अलग मौकों पर उन्हे नेतृत्व द्वारा अन्य जिम्मेदारियां भी दी जाती हैं,गत विधानसभा चुनाव के बाद राजस्थान में मुख्यमंत्री का चयन करने वाली टीम में भी उन्हे शामिल किया गया था जिससे उनकी स्थिति का आंकलन किया जा सकता है। सरोज पांडेय एक बड़ी लीडर हैं,जिस प्रकार से कोरबा लोकसभा क्षेत्र में डॉ.चरणदास महंत को व्यक्तिगत रूप से मजबूत माना जाता है उससे स्पष्ट है कि भाजपा को इस सीट पर बड़ा चेहरा ही जीत दिला सकता है। स्थानीय उम्मीदवारों की भाजपा में लंबी सूचि है लेकिन उनमें से कोई भी प्रत्याशी जीतने लायक स्थिति में नही है यह बात केन्द्रीय नेतृत्व को अच्छे से मालूम है। यह भी उल्लेखनीय है कि कोरबा लोकसभा सीट से तैयारी कर रहे दावेदार किसी ना किसी रूप मे कमजोर माने जा रहे थे,कई दावेदार तो गुटबाजी के शिकार भी थे।

### भाजपा जिलाध्यक्ष कोरिया सहित चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉक्टर राकेश शर्मा की दावेदारी पार्टी ने सिरे से की खारिज

कोरबा लोकसभा सीट से वैसे तो कई ऐसे दावेदार भाजपा से टिकट की मांग कर रहे थे जो इसी लोकसभा सीट के अंतर्गत निवास करते हैं कहने को आज के राजनीतिक भाषा अनुरूप स्थानीय हैं। इनमे से कई योग्य भी थे वहीं कई ऐसे थे जो मोदी लहर में चुनाव जीतने की उम्मीद में टिकट की मांग कर रहे थे जबकि वह जानते थे वह अपने व्यक्तिगत चेहरे पर शायद ही स्थानीय मत भी प्राप्त कर पाते इन्हीं में से दो दावेदार कोरिया जिले से भी इस दौड़ में शामिल थे जिनमे से एक भाजपा के वर्तमान जिलाध्यक्ष कोरिया टिकट की मांग कर रहे थे वहीं दूसरी तरफ कई सालों से इसके लिए डॉक्टर राकेश शर्मा मेहनत कर रहे थे। वैसे जिलाध्यक्ष भाजपा के लिए टिकट की मांग करना उसके लिए खर्चीला मामला नहीं था वह तभी से सक्रिय हुए थे जबसे प्रदेश में भाजपा सत्ता में वापसी कर पाई थी वहीं जिले में भी विधायक भाजपा के ही थे वहीं डॉक्टर राकेश शर्मा के लिए मामला खर्चीला साबित हुआ टिकट की मांग करने वाला। कई वर्षों से अपना जन्मदिवस खुद प्रायोजित करना इस वर्ष घर घर मिठाई बांटना यह बताता है की वह कितने आश्वस्त थे। वैसे चुनाव और राजनीति के लिए एक बेहतर चेहरा वह साबित नहीं होते न ही पार्टी के लिए ही वह स्थानीय मत जुटा पाते ऐसा आम लोग ही मान रहे थे जबकि पार्टी के सर्वे में यह बात सामने आई और वह दौड़ में शामिल ही नहीं थे यह साबित हो गया।

### सरोज पांडे का अब तक का सफर

साल 2018 मे राज्यसभा सांसद चुना गया था। सरोज पांडे ने कांग्रेस के प्रत्याशी लेखराम साहू को हराकर जीत दर्ज की थी। सरोज पांडेय 22 जून 1968 को छत्तीसगढ़ के भिलाई में श्यामजी पांडे और गुलाब देवी पांडे के घर जन्मीं। पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय से शिक्षा ग्रहण कीं। पहली बार साल 2000 और 2005 में दूसरी बार दुर्ग की मेयर बनीं। साल 2008 में पहली बार वैशाली नगर से विधायक चुनी गईं। इसके बाद बीजेपी ने साल 2009 के लोकसभा चुनाव में दुर्ग संसदीय सीट से जीत हासिल की। 2013 में, भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनीं। साल 2014 का लोकसभा चुनाव भी लड़ा, लेकिन कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू से हार गईं। बीजेपी ने उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव बनाया और मार्च 2018 में राज्यसभा के लिए चुना गया। वर्तमान में वे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की भूमिका का निर्वहन कर रही हैं।

### कोरबा और बस्तर सीट पर भाजपा का विशेष ध्यान

चार जिलों की आठ विधानसभा सीट मे बंटे कोरबा लोकसभा सीट पर इस बार भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व का विशेष ध्यान है, पिछली बार मोदी लहर के बावजूद भाजपा ने बस्तर समेत कोरबा लोकसभा सीट गंवा दी थी। पिछले तीन वर्षो से चुनावी तैयारी के बीच भाजपा ने इन दोनो ही सीट को ध्यान में रखते हुए कार्य किया है। बात अगर कोरबा लोकसभा के संबंध में की जाए तो केन्द्रीय मंत्री गिरीराज सिंह ने इस लोकसभा क्षेत्र का कई बार दौरा किया,केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस लोकसभा में अपनी सभा लेकर एक संदेश देने की कोशिश की थी। तभी से यह लगने लगा था कि भाजपा पिछली बार की हार को यहां दोहराना नही चाहती है। लगातार पार्टी नेताओं को इस सीट पर मेहनत करते भी देखा गया है।

### सरोज पांडेय ने दी कार्यो की स्वीकृति,इस वजह से मानी जा रही थीं संभावित उम्मीदवार

घटती-घटना अखबार ने पहले ही इस बात का संकेत दे दिया था कि कोरबा लोकसभा सीट से भाजपा राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय को भी मैदान में उतार सकती है, लगातार उनके नाम की चर्चा भी चलने लगी थीं। हलांकि उनका चुनावी दौरा अभी तक इस क्षेत्र में नही हुआ है लेकिन इसके बाद भी उनके इस लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की पूरी संभावना तय हो चुकी थी जो अब स्पष्ट हो गया की वही कोरबा लोकसभा से उम्मीदवार होगी। राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय द्वारा फरवरी माह में ही लोकसभा की सभी विधानसभा क्षेत्रों में 1-1 करोड़ के कार्यो की स्वीकृति दी गई है जिससे कि उनके चुनाव तैयारियों को बल मिलता माना जा रहा था। बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र के 20 ग्राम पंचायतो में अलग-अलग 5 लाख 20 हजार की लागत से सोलर हाईब्रीड लाईट लगाने की अनुशंशा की गई है। जिसके बाद यह संभावना बढ गई थी कि वे कोरबा लोकसभा क्षेत्र से ही दावेदारी कर रही हैं और हुआ भी वही उन्हे उम्मीदवार बना दिया गया।

# 12 मार्च को किसानों को भुगतान की जाएगी धान के अंतर की राशिः मुख्यमंत्री साय

**गिरी गोवर्धन धाम के सार्वजनिक सांस्कृतिक मंडप एवं अखिल भारतीय महाकुल (यादव) समाज के लोकार्पण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री**






-संवाददाता-
जशपुरनगर,02 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

12 मार्च को किसानों को धान के अंतर की राशि लगभग 13 हजार करोड़ रुपए का भुगतान किया जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखंड के अंतर्गत ग्राम तामामुंडा में स्थित गिरी गोवर्धन धाम के सार्वजनिक सांस्कृतिक मंडप सहित अखिल भारतीय महाकुल (यादव) समाज लोकार्पण समारोह में शामिल होने के दौरान कही। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पत्थलगांव में लिंक कोर्ट प्रारंभ करने की घोषणा भी की। उन्होंने गिरी गोवर्धन पर्वत के सुगम सीसी मार्ग निर्माण के लिए 32 लाख रुपए, फरसाबहार में सांस्कृतिक मंडप के लिए 10 लाख रुपए, शिव मन्दिर से कासाटोली 12 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने सभा को संबोधित करते हुए कि आज आप लोगों ने जो स्वागत किया है उसे मैं हमेशा याद रखूंगा। मेरा अनेक जगह स्वागत फलों से, धान से, लड्डुओं, मिठाईयों आदि सामग्रियों से वजन कर किया गया है। मेरे पूरे राजनैतिक जीवन में पहली बार स्वागत घी से तौल कर किया गया। इसके लिए मैं पूरे यदुकुल समाज का आभारी रहूंगा। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि हमने ढाई महीने के अल्पकाल में छत्तीसगढ़ को विकास के पथ पर ले जाने का कार्य किया है। हमने 18 लाख लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए। जो युद्ध स्तर में बनना प्रारंभ हो गया है। हमने माताओं को महतारी वंदन योजना से आर्थिक रूप से सशक्त करने का प्रयास कर रहे है। इस साल हमने रिकार्ड धान की खरीदी की है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बताया कि आने वाले 15 दिनों में तेंदुपत्ता की खरीदी समर्थन मूल्य में हो जाएगी। साथ ही तेंदुपत्ता संग्राहको के लिए चरण पादुका एवं बच्चो के लिए छात्रवृत्ति प्रारंभ की जाएगी। हमने मोदी के गारंटी के तहत कार्य करते हुए लोगों के सपने को साकार करने का कार्य कर रहे है। इस साल बजट में जशपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार पर फोकस किए है। जिसमें कुनकुरी में 220 बेड के सर्व सुविधा युक्त हॉस्पिटल का निर्माण किया जाएगा। जिसका कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होने वाला है। इसके साथ ही हमने जिले में 4 नए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत किए है। जिसका सीधा लाभ निश्चित ही क्षेत्र के जनता को मिलेगा। इस दौरान पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय, पूर्व विधायक भरत साय, पद्मश्री जोगेश्वर यादव, रोहित साय, विजय आदित्य सिंह जूदेव सहित समाज के तीन राज्य छत्तीसगढ़, झारखंड एवं उड़ीसा के प्रदेश अध्यक्ष, गिरी गोवर्धन धाम समिति अध्यक्ष श्री लोचन प्रसाद यादव, जिलाध्यक्ष श्री गणेश यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**शिव भजन ने स्कूली बच्चों के साथ मनाया अपना जन्मदिन**

# माध्यमिक शाला बेलिया में न्योता भोजन का हुआ आयोजन



-संवाददाता-
कोरिया,02 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

जिले के माध्यमिक शाला बेलिया के स्कूल में न्योता भोजन का आयोजन हुआ जिस अवसर पर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी श्री राकेश कुमार साहू एसडीएम सोनहत, लोकेश्वर सिदार विकासखंड समन्वयक, शिव भजन कुमार के जन्म दिवस के अवसर पर शामिल हुए बच्चों के साथ केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।इस दौरान एसडीएम श्री राकेश कुमार साहू ने बच्चों और उपस्थित जन समुदाय को न्योता भोजन कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में चर्चा करते हुए बताया गया कि इस कार्यक्रम के जरिए सामुदायिक सहभागिता के साथ शिक्षा गुणवत्ता में सुधार करना इसका पहला महत्वपूर्ण अंग है। साथ ही प्रधानमंत्री पोषण योजना मध्यान भोजन के तहत भोजन की उच्च गुणवत्ता के साथ उच्च पोषण भी बच्चों को मिले इसका द्वितीय उद्देश्यों है। विभिन्न शुभ अवसरों पर यथा जन्मदिवस राष्ट्रीय त्योहार सामाजिक त्योहार आदि अवसरों पर समाज की इस प्रकार से स्कूल के प्रति सक्रिय सहभागिता से शिक्षा के मूल उद्देश्यों को प्राप्त करने में बहुत ज्यादा सहायता मिलेगी और बच्चों को पूरी तरीके से सुपोषित किया जा सकेगा। इस आयोजन में माध्यमिक शाला बेलिया के प्रधान पाठक श्री प्रवीण पटेल एवं उनके सहयोगी स्टाफ की सहभागिता रही और कार्यक्रम में मारुति शर्मा ग्राम पंचायत बेलिया की सरपंच, वरिष्ठ नागरिकगण सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# ये नव नियुक्त बड़े गुरूजीयों की काउंसलिंग थी की कुछ और ?



## जिला शिक्षा अधिकारी मौन प्रशासन खामोश

## अंधा बांटे रेवड़ी अपनों अपनों को दे...

## नियुक्ति के नाम पर खेला जा रहा है खेल

## प्रशासन में बैठे लोगों की भूमिका संदिग्ध

-आदित्य गुप्ता (पिंटू)-
अंबिकापुर 02 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

प्रदेश मे सरकार क्या बदली प्रशासनिक,चाटुकार अफसरों के पौ बारह हो गए ऐसा पूर्व सरकार मे भी होता रहा। विभाग में बैठे मलाई छानने वाले अफसरों कर परों की लंबाई दोगुनी हो गई,ये लोग जो कभी हल्की सी हवा के झोंको से ही घोंसले में दुबक जाते थे अब वह आकाश की अनंत विशाल कक्ष में विचरण करने लगे हैं। कुल मिलाकर पांचो उंगली घी में और सर काढहे पर वाली कहावत सरगुजा जिला के मुख्यालय अंबिकापुर के जिला शिक्षा विभाग की कार्यशैली को दर्शाता नज़र आ रहा है। ?हम यहां पर बता देना चाहते हैं कि पूर्व में काउंसलिंग 28 दिसंबर 2022 को और दूसरी काउंसिल 23 मार्च 2023 को नियम अनुसार हुआ था ।लेकिन वर्तमान में जो काउंसलिंग 2 मार्च 2024 को हुआ यह काउंसलिंग पूर्व के सभी नियमों को दर किनार रखते हुए किया गया । जिला ग्रंथालय के सभागार में हुई नव नियुक्त प्राथमिक शालाओं के प्रधान पाठकों के लिए आयोजित किया गया था। जिसमें एलबी( लोकल् बॉडी) टीई(ट्रियवल्स एजुकेशन) 84 पदों के लिए था। सबसे बड़ी बात तो यह है कि जिला ग्रंथालय के सभागार में यह कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सूचना पटल पर कोई सूचना पट्टी नहीं थी ।जबकि नियम अनुसार सूचना पटल पर जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा कार्यक्रम की सूचना के साथ नव नियुक्त प्रधान पाठकों के रिक्त स्थान की जानकारी वहां मौजूद होनी चाहिए थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ शासन के नियमानुसार पहले क्रम में विकलांग महिला,दूसरे क्रम में विकलांग पुरुष ,तीसरे क्रम में विधवा परित्यक्ता ,एवं चौथे क्रम में वरिष्ठता के आधार पर महिला ,व पांचवें क्रम में वरिष्ठता के आधार पर पुरुष वर्ग का होना चाहिए था ।लेकिन यहां कुछ ऐसा नहीं दिखा लोकल बॉडी शिक्षा कर्मी जो की 2018 में नियमित हुए तथा ट्राईबल्स एजुकेशन की काउंसलिंग जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.संजय गुहे के द्वारा किया जाना था । लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ हम यहां पर बता देना चाहते हैं कि यह कार्यक्रम का आयोजन पर तय समय से 2 घंटे विलंब में शुरू हुआ जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर संजय गुहे सभागार पहुंचे और अपने कुर्सी पर विराजमान हो गए । ना वहां काउंसलिंग किए जाने के लिए लाउडस्पीकर की व्यवस्था थी नहीं वहां पीने की पानी की व्यवस्था थी कार्यक्रम की शुरुआत में जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा नव नियुक्त प्रधान पाठकों को किसी तरह से कोई काउंसलिंग नहीं करना व एक बाबू के द्वारा काउंसलिंग में आए नव नियुक्त प्रधान पाठकों का नाम ले लेकर बुलाना वह एक रजिस्टर पर हस्ताक्षर कर सोमवार को शिक्षा विभाग के कार्यालय में ऑफिस बुलाकर अपने नियुक्ति पत्र लेने के बात कहीं गई । लेकिन डॉक्टर गुहे खामोश बैठे रहे 84 नव नियुक्त प्रधान पाठकों की नियुक्ति कार्यक्रम में महज 58 लोग ही मौजूद रहे।



### नियुक्ति में किया गया है बड़ा खेल

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार काउंसलिंग में आए 58 नवनियुक्त प्रधान पाठकों को लेकर बड़ा खेल होने की सूचना की खबर सामने आ रही है । इस पूरे खेल में तीन तिलंगों की भूमिका भी बताई जा रही है काउंसलिंग हाल के बाहर इन तीन तिलंगों की भूमिका रहस्यमई रही है । यह ही नहीं यह तीनों महानुभव ग्रंथालय सभागृह में जिला शिक्षा अधिकारी के इर्द-गिर्द मंडराते नजर आए।

### आयोजन को लेकर नहीं बरती गई पारदर्शिता

हमारे संवाददाता के द्वारा इस विषय वस्तु को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी से कुछ संवाद किए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी हमारे सवालों का कुछ और जवाब देने लगे ऐसा प्रतीत होता है कि कार्यक्रम क्या आयोजन को लेकर पारदर्शिता नहीं बरती गई । कुल मिलाकर चोरी-चोरी,चुपके-चुपके वाली कहानी को प्रयोग में लाया गया ।अगर यह कार्यक्रम जिला स्तर का था तो डॉक्टर संजय गुहे के सामने मौजूद टेबल में किसी तरह का कोई दस्तावेज क्यों नहीं था ?आखिरकार लुण्ड्रा तहसील में पदस्थ भारत नामक बाबू की इस कार्यक्रम या इस मामले में क्या भूमिका रही ? इस तरह के कई एक प्रश्न इस कार्यक्रम को रहस्यमय बनते हैं इससे एक बात साफ जाहिर होता है कि जिन-जिन को जिन-जिन स्थानों की अपेक्षा थी वह उन्हें पूर्व में ही मुहैया करवा दी गई थी,काउंसलिंग कार्यक्रम तो एक महज औपचरिकता के साथ प्रायोजित कार्यक्रम की तरह जान पड़ता है। देखना यह है कि और अब आगे-आगे होता क्या है।



## घर से लाखों के जेवर चोरी करने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार

-संवाददाता-
कोरबा,02 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

जिले के उरगा थाना क्षेत्र में एक अज्ञात चोर ने घर में सो रहे परिवार के यहां से लाखों के सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी पार कर दिया। उपरोक्त चोरी की खबर जब परिवार के लोगों को लगी तो मामले की रिपोर्ट उरगा थाने में दर्ज कराई गई,जिस पर पुलिस ने मामले पर संज्ञान लेते हुए जांच उपरांत आरोपित को गिरफ्तार किया एवं उसके पास से 13.40 लाख रुपये के जेवरात समेत नकद राशि बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार उरगा थाना अंतर्गत ग्राम सरगबुंदिया निवासी धनाराम उसकी पत्नी रूपा, पुत्र वैभव व बचपन से घर रखी लड़की रमशिला के साथ पूरा परिवार 25 फरवरी की रात 11 बजे खाना खाकर सो गया था। रात 1.30 बजे पत्नी रूपा फ्रेश होने के लिए उठी, तो उसने देखा कि सामने टीवी रूम का दरवाजा टूटा हुआ था, तब उसने आवाज देकर पति को उठाया। उसने कमरे में जाकर देखा तो वहां रखी अलमारी खुली हुई थी और सामान बिखरा पड़ा था।आलमारी में रखे सोने के दो मंगलसूत्र, दो सोने के हार, चार जोड़ी सोने के झुमके, तीन सोने की चैन, चार सोने का अंगूठी, तीन जोड़ी सोने की बाली, दो जोड़ी सोने के टॉप्स, दो फुल्ली, दो सोने की चूड़ी, चांदी का पायल दो जोड़ी समेत नगदी 20 हजार रुपये कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। पुलिस ने मामले में धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। थाना उरगा पुलिस की विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपी के पता तलाश के लिए मुखबिरों को सक्रिय किया गया। इस पर मुखबिर से जानकारी मिली कि एक आदमी सोने का सामान बेचने के फिराक में इधर- उधर घूम रहा है। इस पर पुलिस ने टीम बना कर जांच की और संदेह के आधार पर उसकी पतासाजी शुरू की। साइबर सेल के सहायता से पता चला कि वह अपने ससुराल में है। तब पुलिस की टीम ने आरोपित नवल को थाना लाकर पूछताछ की। पहले तो उसने चोरी करने की बात पर टालमटोल की नीति अपनाई, पर बाद में पुलिस के सामने टूट गया और घनाराम के घर से चोरी करना स्वीकार किया। उसने चोरी किए गए समान को ससुराल में घर की बाड़ी के पीछे केला पेड़ के नीचे छिपाकर रखना बताया। साथ ही 20 हजार में से पांच हजार रुपये जेब में अपने पास रख, शेष रकम को शराब पीकर खर्च करना बताया। पुलिस ने आरोपित नवल किशोर चौहान 30 वर्ष निवासी सरगबुंदिया को गिरफ्तार कर उसके निशानदेही पर 13.40 लाख रूपये के सोना व चांदी के जेवर बरामद कर वैधानिक कार्रवाई के बाद आरोपित को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया गया है ।

## ग्राम पंचायत बहेरना में देर रात तक 29 फरवरी 2024 को बांटी गया राशन

### क्या खाद्य विभाग दे रखी है राशन संचालक को खुली छूट ? क्या इसीलिए बाटा जा रहा है ग्राम पंचायत बहेरना में मांह के अंतिम दिनों में देर रात तक राशन

-सुदामा राजवाड़े-
जशपुर,02 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

केंद्र सरकार के निर्देश पर राज्य सरकारो द्वारा शहरी एवं ग्राम पंचायत को उचित मूल्य की दुकानों से गरीबों को पात्रता अनुसार समय पर प्रत्येक माह राशन वितरण करना सुनिश्चित किया गया है लेकिन मनोरं जनपद के ग्राम पंचायत बहेरना में माह के अंतिम दिनों तक बाटी जारही है विगत चार माह से राशन जो सन्देह के घेरे में है क्योंकी अक्सर देखा गया है माह के 29 तारीख तक दूसरे आने वाले माह का राशन पंचायत में पहुंच जाता है जैसा कि ग्रामीणों ने बताया की 4 माह से बहेरन पंचायत में राशन वितरण किया जा रहा है तो राशन की अफरा तफरी होना स्वाभाविक होजता है।




आपको बता दे कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत शासन के सकत निर्देश पर देश में शहरी एवं पंचायत को निर्देशित है की समय पर हितग्राहियों को राशन वितरण करना किया जाना है।

लेकिन ग्राम पंचायत बहेरन के सरपंच को मदहोश कर पच के द्वारा विगत चार माह से इसी तरह से प्रतयेक माह में हितग्राहियों को राशन दिया जा रहा है इससे सवाल उठना लाजिमी हो जाता है कहीं ना कहीं राशन की कालाबाजारी हो रही है और राशन वितरक के ऊपर जनपद में पदस्थ खाद्य निरीक्षक का वादहस्थ प्राप्त है द्य आपको बता दें कि चावल की कालाबाजारी करने के मामले प्रदेश में चाहे सरकार किसी की भी रही हो उनके दामन पर दाग जरूर परतें हैं ऐसा इसलिए दावे के साथ किया जा सकता है कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में भी ननकी राम कंवर के द्वारा कुनकुरी चावल घोटाले को लेकर विधानसभा में मामला उठाया था कमोबेश वही स्थिति कांग्रेस की भूपेश सरकार के खाद्य मंत्री के विरुद्ध भी चुनाओ वक्त राशन की करोड़ों की कालाबाजारी का मामला भाजपाइयों के द्वारा भी उठाया गया द्य इससे साफ जाहिर होता है कि इससे साफ जाहिर होता है कि विष्णु देव साय सरकार में भी राशन घोटाले का मामला सामने न आ जाए क्योंकि जशपुर के दुर्गम ग्रामीण क्षेत्र के पंचायत में खाद्य निरीक्षक दूरस्थ पंचायत में भ्रमण करना उचित नहीं समझते इससे जाहिर होता है की कहीं उच्च अधिकारी का वधहस्त प्राप्त प्राप्त है इसलिए बेखौफ होकर संचालक अपनी मर्जी से राशन वितरण करते हैं जिसका जिसका खामजीया ग्राम के गरीब ग्रामीण पुरुष महिलाएं भुगतते हैं इसका प्रमाण सबके सामने है।खाद्य निरीक्षक का मोबाइल संपर्क न होने के पर जिला खाद्य अधिकारी के मोबाइल नंबर पर पर संपर्क कर उनसे इस बारे में जानकारी चाहिए गई तो उनके द्वारा कहा गया कि जनपद मनोरा में पदस्थ खाद्य निरीक्षक से संपर्क कर बात कर लेने में पत्थलगांव में हूं।

## बीस खण्डों वाली 'गिरीश पंकज रचनावली' का आज होगा लोकार्पण

-संवाददाता-
कोरबा,02 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

ज्ञानमुद्रा पब्लिकेशन भोपाल एवं सामाजिक संस्था वक्ता मंच के तत्वाधान में देश के प्रख्यात साहित्यकार रायपुर निवासी गिरीश पंकज की बीस खण्डों में प्रकाशित समग्र रचनावली का लोकार्पण समारोह रविवार 3 मार्च को प्रातः 11 बजे वृंदावन सभागार में आयोजित है द्य उल्लेखनीय यह है कि संपूर्ण देश में हिंदी साहित्य जगत में किसी भी जीवित लेखक की अब तक बीस खण्डों की रचनावली अब तक प्रकाशित नहीं हुई है। 8500 पृष्ठों वाली इस रचनावली में गिरीश पंकज जी की अब तक की संपूर्ण साहित्यिक यात्रा का समावेश है द्य इसमें उनके व्यंग्य,गीत-गजल, लघुकथा, कहानी, उपन्यास , बाल साहित्य ,नाटक एवम समसामयिक लेखों का संग्रह है। वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने जानकारी दी है कि लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि संभाग आयुक्त डॉ संजय अलंग होंगे द्य अध्यक्षता डॉ सुशील त्रिवेदी एवं डॉ चितरंजन कर संयुक्त रूप से करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ कुमार प्रजापति, राउरकेला, राजेश पारेख, नागपुर, डॉ रमेंद्रनाथ मिश्र, शशि वरवंडकर, राजीव अग्रवाल, जी. स्वामी,नर्मदा प्रसाद मिश्र नरम




उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम परिचय प्रियंका कौशल द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा एवं संचालन उर्मिला देवी उर्मि करेगी। दो सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम में अपरान्ह 2 बजे से रचना पाठ एवं काव्य गोष्ठी रखी गई है द्य इसमें राजधानी व आसपास के रचनाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस सत्र के मुख्य अतिथि भारती बंधु होंगे एवं अध्यक्षता डॉ स्नेहलता पाठक व डॉ सुधीर शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से की जायेगी। राजकुमार धर द्विवेदी एवं आशीष राज सिंघानिया इस सत्र के विशिष्ट अतिथि होंगे द्य आयोजक संस्थाओं द्वारा समस्त प्रबुद्धजनों से कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निवेदन किया गया है।

## सामूहिक विवाह के अवसर पर उप मुख्यमंत्री के साथ श्रम मंत्री ने नवदंपत्तियों को दी शुभकामनाएं

-संवाददाता-
कोरबा,02 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

जिले के मां सर्वमंगला मंदिर में आयोजित सामूहिक विवाह में उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव के साथ वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन शामिल हुए । इस दौरान अपने उद्बोधन में मंत्री श्री देवांगन ने कहा की ये बहुत शुभ अवसर है की आज 31 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे है। सर्वमंगला मंदिर परिसर में आप सभी के जीवन का एक नया शुभ अध्याय आज शुरू हो रहा है। आप सभी के जीवन में मां सर्वमंगला का आशीर्वाद बना रहेगा। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री साव ने भी संबोधित करते हुए कहा



की मां सर्वमंगला के आंचल में आप सभी दाम्पत्य जीवन में बंधे है, आप सभी इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने हैं। श्री साव ने कहा की जब परिवार में शादी होती है तो सिर्फ़ परिवार का आशीर्वाद मिलता है, जबकि सामूहिक विवाह में पूरे शहर और सर्व समाज का आशीर्वाद मिलता है। इस सामूहिक विवाह के अवसर पर उप मुख्यमंत्री और वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री दोनों ने जोड़ों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह,पूर्व विधायक रजनीश सिंह,जोगेश लांबा, नेता प्रतिपक्ष हित्तानंद अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी , पार्षद नरेंद्र देवांगन, राजेन्द्र पांडे समेत अन्य उपस्थित रहे।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यात्रिकी सेवा संभाग सूरजपुर, जिला-सूरजपुर छत्तीसगढ़**

**सूचना**

क्रमांक 377/स्था0/ग्रा0यां0से0/2024 सूरजपुर, दिनांक 26 फरवरी/2024

एतद् द्वारा श्री अमित कुमार यादव, सहायक वर्ग-3, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग सूरजपुर, जिला-सूरजपुर छ0ग0 497229 निवासी का स्थाई पता ग्राम-पोस्ट -देवनगर तहसील-रामानुजनगर जिला-सूरजपुर छ0ग0 को सूचित किया जाता है कि आप बिना किसी पूर्व सूचना अथवा अवकाश स्वीकृति के कार्यालय से विगत लगभग 09 माह से अनुपस्थित हैं। इस संबंध में आपको 1. कार्यालयीन कारण बताओ सूचना पत्र क्रमांक 2110/स्था0/ग्रा0यां0से0/2022 सूरजपुर दिनांक 13/12/2024 2. कारण बताओ सूचना पत्र क्रमांक 516/स्था0/ग्रा0यां0से0/2023 सूरजपुर दिनांक 24/03/2023 3. कार्यालयीन स्मरण पत्र क्रमांक 1123/स्था/ग्रा0यां0से0/2023 सूरजपुर दिनांक 05/06/2024 4. कार्यालयीन द्वितीय स्मरण पत्र क्रमांक 1356/स्था/ग्रा0यां0से0/2023 सूरजपुर दिनांक 28/06/2023 5. कार्यालयीन पत्र क्रमांक 2221/स्था/ग्रा0यां0से0/2023 सूरजपुर दिनांक 20/10/2023 6. कार्यालयीन पत्र क्रमांक 63/स्था/ग्रा0यां0से0/2024 सूरजपुर दिनांक 16.01.2024 एवं 7. कार्यालयीन पत्र क्रमांक 341/स्था/ग्रा0यां0से0/ 2024 सूरजपुर दिनांक 19/02/2024 जारी किया जाकर कारण बताते हुए कार्यालय में उपस्थित होने हेतु लेख किया गया है तथापि आपके द्वारा कोई लिखित प्रतिवेदन/सूचना/उपस्थिति कार्यालय में नहीं दी गई है।

आपको इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप तत्काल समुचित कारण बताते हुए कार्यालय के नियमित रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा आपके विरूद्ध बाध्य होकर अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को भेज दिया जावेगा जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

जी नंबर-08201/1

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग सूरजपुर जिला-सूरजपुर



**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा) धौरपुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0/ /अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण ग्राम लालमाटी को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नुजहम बेगम पति मो0 फिरदौस, जाति मुसलमान, निवासी मोमिनपुरा तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम लालमाटी, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर) स्थित खसरा नंबर 62/11 रकबा 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, नक्शा, रजिस्ट्री आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 04/03/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील)

अनुविभागीय अधिकारी
(रा) धौरपुर

# नाथन लियोन ने किया कमाल

## बिना अर्धशतक लगाए ज्यादा रन बनाने वाले बने दुनिया के पहले खिलाड़ी

**नई दिल्ली,02 मार्च 2024।** ऑस्ट्रेलियाई टीम के दिग्गज स्पिनर नाथन लियोन ने गेंदबाजी में कमाल तो किया ही है। बल्लेबाजी में एक बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। नाथन लियोन अब टेस्ट क्रिकेट इतिहास में बिना अर्धशतक लगाए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। लियोन यह उपलब्धि न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दौरान हासिल की।वेलिंग्टन टेस्ट मैच की दूसरी पारी के दौरान नाथन लियोन नाइटवाचमैन के तौर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे। स्टीव स्मिथ और मार्नस लैबुशेन के आउट होने के बाद लियोन को बैटिंग करने के लिए भेजा गया था। उन्होंने इस दौरान बल्लेबाजी की और 46 गेंद पर 6 चौके की मदद से 41 रन बनाए। इसके साथ ही नाथन लियोन अब टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में बिना एक भी अर्धशतक लगाए सबसे ज्यादा




रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

### तीसरे स्थान पर हैं वकार यूनिस

तीसरे नंबर पर पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वकार यूनिस हैं, जिन्होंने 87 टेस्ट मुकाबलों में एक भी अर्धशतक लगाए बगैर 1010 रन बनाए थे। उनका सर्वाधिक स्कोर 45 रन रहा था। टेस्ट क्रिकेट में बिना शतक लगाए सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉर्न के नाम दर्ज है।

### शेन वॉर्न के नाम दर्ज है यह खास रिकॉर्ड

दिवंगत शेन वॉर्न ने 145 मैचों की 199 पारियों में 3154 रन बनाए थे और 12 अर्धशतक जड़े थे। शेन वॉर्न महज 1 रन से अपने टेस्ट करियर में शतक लगाने से चूक गए थे। उनका सर्वाधिक टेस्ट स्कोर 99 रन है और वो शतक नहीं लगा पाए थे।

# 11 साल बाद आईसीसी ट्रॉफी हासिल करना चाहेगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली,02 मार्च 2024।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज अब खत्म होने की कगार पर है। सीरीज का आखिरी मुकाबला 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा। वहीं इसके बाद आईपीएल का 17वां सीजन और फिर टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आयोजन होगा। दुनियाभर के क्रिकेट प्रेमियों को इस साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप का बेसब्री से इंतजार है। वहीं भारतीय फैंस भी चाहते हैं कि टीम इंडिया 13 साल के सूखे को खत्म कर इस साल आईसीसी की ये ट्रॉफी अपने नाम करे।




वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान कब होगा इसको लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए 1 मई को भारतीय टीम का ऐलान हो सकता है। टीम इंडिया की कप्तानी रोहित शर्मा करेंगे। इस बार टी 20 वर्ल्ड कप अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेला जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत 1 जून से होगी। वहीं भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 5 जून से आयरलैंड के खिलाफ करेगी। अपने दूसरे मैच में टीम इंडिया का सामना चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से होगा। ये मैच 9 जून को खेला जाएगा।

### 1 मई को हो सकता है टीम का ऐलान

वहीं बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय टीम का ऐलान 1 मई को हो सकता है। हालांकि, इस बारे में अभी कोई आधिकारिक घोषमा नहीं हुई है। खबरों की मानें तो 15 सदस्यीय स्क्वॉड ऐलान की आखिरी तारीख 1 मई हो सकती है। इसके साथ ही 25 मई तक टीमों में बदलाव की गुंजाइश होगी। हालांकि, इसके लिए आईसीसी की टेक्निक कमेटी से एप्रूवल लेना जरूरी होगा। 1 मई तक इंडियन प्रीमियर लीग के आधे मुकाबले खेले जा चुके होंगे। ऐसे में लीग में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भारतीय स्क्वॉड में जगह मिल सकती है। सात ही स्क्वॉड में 25 मई तक बदलाव भी किया जा सकता है और 26 मई को आईपीएल 2024 का फाइनल मुकाबला खेले जाने की संभावना है। ऐसे में बीसीसीआई के पास आईपीएल 2024 के फाइनल से पहले भारतीय स्क्वॉड में बदलाव की गुंजाइश होगी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एमबापे की जगह फिर उतरा स्थानापन्न खिलाड़ी



#### मोनाको ने पीएसजी को बराबरी पर रोका

**सेंटपेरिस,02 मार्च 2024।** स्टार फुटबॉलर किलियन एमबापे को लगातार दूसरे मैच में आधे खेल से बाहर बुला दिया गया, लेकिन इसके बावजूद मोनाको ने पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में गोलरहित बराबरी पर रोक दिया।
पीएसजी ने मध्यांतर के बाद एमबापे को बाहर बुलाकर उनकी जगह स्थानापन्न खिलाड़ी उतारा। यह लगातार दूसरा मैच है जबकि इस स्टार स्ट्राइकर की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को स्थानापन्न के रूप में मैदान पर उतारा गया।

### टेस्ट क्रिकेट को बचाने के मसौदे को नजरअंदाज करने की खबरें गलत

**सिडनी,02 मार्च 2024।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले ने उन खबरों का खंडन किया है जिनमें कहा गया था कि टेस्ट क्रिकेट को बचाने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद(आईसीसी) ने जो मसौदा पेश किया था उस पर तीन प्रमुख देशों भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया ने गौर नहीं किया। सिडनी मार्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट के तीन



शक्तिशाली बोर्ड ने उस दस्तावेज को नजरअंदाज कर दिया जिसे न्यूजीलैंड क्रिकेट के अध्यक्ष मार्टिन स्नेडेन ने तैयार किया था और जिसमें टेस्ट क्रिकेट को बचाने के लिए भविष्य के दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) में बदलाव करने की सिफारिश की गई थी।
हॉकले ने एसईएन क्रिकेट से कहा,''स्पष्ट रूप से मुझे लगता है कि इस बारे में गलत रिपोर्टिंग की गई है। निश्चित तौर पर अभी हम इस पर विचार कर रहे हैं कि क्रिकेट कैलेंडर को कैसे बेहतर बनाया जा सकता है और विश्व भर में क्रिकेट को कैसे आगे बढ़ाया जा सकता है।''
क्रिकेट में बदलाव के लिए जो मसौदा तैयार किया गया है, उसमें इंडियन प्रीमियर लीग की तरह अन्य टी20 लीग के लिए भी अतिरिक्त 'विंडो' रखने, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक प्रणाली में बदलाव करने, एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ओवरों की संख्या घटाकर 40 करने, टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से जुड़ी आशंकाएं आदि शामिल हैं।
हॉकले ने कहा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया खेल के तीनों प्रारूपों को आगे बढ़ाने में आईसीसी की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा,''हम इस काम में पूरी तरह से शामिल हैं।

# चीन में अपने खिताब का बचाव करने के लिए उत्सुक हूं : हार्दिक सिंह

**नई दिल्ली,02 मार्च 2024।** एशियाई हॉकी महासंघ ने 28 फरवरी को घोषणा की कि पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 आठ से 17 सितंबर 2024 तक हुलुनबुइर शहर, इनर मंगोलिया,चीन में होगी। जो टीमें इस संस्करण के लिए योग्य हैं उनमें चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान और मौजूदा चैंपियन भारत शामिल हैं। टूर्नामेंट के महत्व पर बोलते हुए, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उप-कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा, एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी एक प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है जहां टीमें एशिया की सर्वश्रेष्ठ हॉकी टीम होने का दावा करने के लिए संघर्ष करती हैं। हमारा लक्ष्य दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनना है, और उस यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम ट्रॉफी को बरकरार रखना और एशिया में सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करना होगा। भारत 3 से 12 अगस्त तक चेन्नई में आयोजित एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के पिछले संस्करण में विजयी हुआ। वे 4 जीत और 1 ड्रा के साथ पूल में शीर्ष पर रहे, जापान के खिलाफ ड्रा था। सेमीफाइनल में, उनका फिर से जापान से सामना हुआ और 5-0 से जीत दर्ज की। फाइनल में, भारत हाफ टाइम तक 3-1 से पिछड़ रहा




था, लेकिन दूसरे हाफ में कप्तान हरमनप्रीत सिंह, गुरजंत सिंह और आकाशदीप सिंह के गोल ने सुनिश्चित किया कि भारत एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 का चैंपियन बने।टीम के प्रदर्शन पर विचार करते हुए हार्दिक ने कहा, एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 एक शानदार टूर्नामेंट था। एक टीम के रूप में, हम अभी भी मुख्य कोच क्रेग फल्टन के तहत खेल की नई शैली को अपना रहे थे, और स्वर्ण पदक जीतना उस प्रगति का प्रमाण था जो टीम ने उनके तहत की थी। रास्ते में हमारी मदद करने के लिए हमारे साथ मेंटल ट्रेनर पैडी अप्टन भी थे, और जब हम फाइनल में मलेशिया से पिछड़ रहे थे, तब टीम ने उनके बारे में अपनी बुद्धिमत्ता बनाए रखने और चीजों को बदलने के लिए जबरदस्त चरित्र दिखाया।मिडफील्डर ने अंत में कहा, टूर्नामेंट जीतने के लिए पिछडने के बाद वापिस आना एक विशेष एहसास था, और पीछे मुड़कर देखने पर, मुझे लगता है कि टीम ने उस मैच को अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए स्प्रिंगबोर्ड के रूप में इस्तेमाल किया। इसमें कोई संदेह नहीं है कि हम पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में खेलने और अपने खिताब का बचाव करने के लिए उत्सुक हैं।

# आईपीएल 2024 के लिए चेन्नई सुपर किंग्स का अभ्यास शिविर शुरू

**चेन्नई,02 मार्च 2024।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र की तैयारियों के लिए चेन्नई सुपर किंग्स का शनिवार को यहां तेज गेंदबाज दीपक चाहर की मौजूदगी में शिविर शुरू हुआ। चाहर 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल में अपनी फ्रेंचाइजी के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम में वापसी करना चाहेंगे। तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) के एक अधिकारी ने बताया, ''स्थानीय (भारतीय) खिलाड़ियों का पहला जत्था शुक्रवार को यहां पहुंच गया है। अगले कुछ दिनों में और खिलाड़ियों के आने की उम्मीद है।चेन्नई सुपर किंग्स ने इससे पहले शुक्रवार को शहर में खिलाड़ियों के पहले बैच के आगमन की पुष्टि की थी। इसमें सिमरजीत सिंह (तेज गेंदबाज), राजवर्धन हंगरगेकर (ऑलराउंडर), मुकेश चौधरी (तेज गेंदबाज), प्रशांत सोलंकी (स्पिनर), अजय मंडल (ऑल-राउंडर) और दीपक चाहर (तेज गेंदबाज) का नाम शामिल था। चाहर ने पिछले साल दिसंबर के बाद से किसी भी प्रारूप में क्रिकेट नहीं खेला है। वह अपने पिता की बीमारी के



कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला के बीच से हट गये थे और फिर दक्षिण अफ्रीका के दौरे से भी उन्होंने नाम वापस ले लिया था।
उन्होंने पिछले महीने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अभ्यास के दौरान खुद को पूरी तरह से फिट घोषित किया था। बार बार चोटिल होने वाला यह तेज गेंदबाज जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी पर नजर गड़ाए हुए हैं। प्रशंसकों के पसंदीदा और टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के आगमन की अभी पुष्टि नहीं हुई है। चेन्नई की टीम आईपीएल 2024 में अपने अभियान की शुरुआत 22 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ करेगी।

# आयरलैंड ने पहली टेस्ट जीत के साथ रचा इतिहास

### भारत-न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका को पछाड़ा

**आयरलैंड,02 मार्च 2024।** आयरलैंड ने अबू धामी के टॉलरेंस ओवल में अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराकर टेस्ट क्रिकेट में अपनी पहली जीत दर्ज की। जैसे ही लोर्कन टकर ने विजयी रन मारा, उनके खेमे में पहली बार रेड-बॉल क्रिकेट में जीत की खुशी छा गई। पहला टेस्ट मैच जीतने के साथ ही इतिहास रच दिया। इस जीत के साथ, आयरलैंड ने खेल के सबसे लंबे प्रारुप में पहली जीत दर्ज करने के लिए खेले गए मैचों की संख्या के मामले में भारत, न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका, बांग्लादेश, श्रीलंका और जिम्बाब्वे जैसी मजबूत टीमों को पछाड़ दिया है। इन सभी टीमों ने पहली बार कोई टेस्ट मैच जीतने के लिए आयरलैंड से अधिक मैच खेले। जहां तक टेस्ट मैच की बात है तो अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन मार्क अडायर की असधारण गेंदबाजी ने उन्हें सिर्फ 155 रन पर समेट दिया। अडायर ने सिर्फ 39 रन देकर पांच विकेट लिए, जबकि इब्राहिम जादरान ने 53 रन बनाए, जबकि करीम जनत 41 रन बनाकर नाबाद लोटे।जवाब में आयरलैंड ने अपनी पहली पारी में 263 रन बनाए और 108 रन की अहम बढ़त हासिल की है। अफगानिस्तान ने अपने दूसरी पारी में बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन फिर भी उनका कोई भी बल्लेबाज बड़ा स्कोर नहीं बना सका। कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने 55 रन बनाए।

# लगातार फ्लॉप होने के बाद फिर मिलेगा रजन पाटीदार को मौका ?

**नई दिल्ली,02 मार्च 2024।** भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के तीन मैचों की 6 पारियों में रजत पाटीदार कुछ कमाल नहीं कर पाए हैं। ऐसे में धर्मशाला में होने वाले आखिरी टेस्ट में उनके बाहर होने की सुगबुगाहट होने लगी थी। लेकिन अब इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार रजत पाटीदार बाहर नहीं किया जाएगा और उनके प्लेइंग 11 में अपनी जगह बरकरार रखने की उम्मीद है। रजत पाटीदार ने अपने तीन टेस्ट मैचों में 32, 9, 5,0,17 और 0 का स्कोर बनाया है। इसके बाद रजत पाटीदार की आलोचना की गई। लेकिन, भारत के 3-1 की अजेय बढ़त हासिल करने के साथ, टीम प्रबंधन उन्हें अपनी प्रतिभा साबित करने का एक और मौका देना चाहता है।




इंडियन एक्सप्रेस को बीसीसीआई के एक सूत्र ने खुलासा किया कि, टीम चाहता है कि पाटीदार को एक और मौका मिले क्योंकि उन्हें उनकी क्षमता पर विश्वास है। सीरीज पहले ही जीत लेने के बाद, वे पडिक्कल को डेब्यू देने के बजाय उसे एक और मौका देना पसंद करते हैं।

### कैमरन ग्रीन और जोश हेजलवुड की जोड़ी ने टेस्ट क्रिकेट में रचा इतिहास

**वेलिंग्टन,02 मार्च 2024।** कैमरून ग्रीन और जोश हेजलवुड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया की ओर से 10वें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी कर इतिहास रच दिया। ग्रीन-हेजलवुड की जोड़ी ने वेलिंगटन टेस्ट के दूसरे दिन 10वें विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी की। कैमरून ग्रीन और जोश हेजलवुड की जोड़ी ने 2004 में ब्रिस्बेवन में न्यूजीलैंड के खिलाफ 10वें विकेट के लिए जेसन गिलेस्पीक और ग्ले6न मैक्ग्रा द्वारा की गई 114 रन की साझेदारी के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। यह स्टैंड टेस्ट क्रिकेट में 10वें विकेट के लिए ऑस्ट्रेलिया का छठा 100 रन या उससे अधिक साझेदारी थी। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के डिफेंडिंग चैंपियन की शुरुआत इस मैच में ज्यादा अच्छी नहीं रही लेकिन टीम ने अपनी पहली पारी में कुल 383 रन का स्कोर खड़ा किया। यह ग्रीन की 174 रनों की नाबाद पारी थी जिसने ऑस्ट्रेलिया को एक मजबूत टोटल तक पहुंचाया। युवा ऑलराउंडर ने दिन के अंतिम ओवर में अपना दूसरा टेस्ट शतक पूरा करते हुए धैर्यपूर्ण पारी खेली। फिर, शुक्रवार को हेज़लवुड के साथ उन्होंने आक्रामक रुख अपनाया। टेस्ट क्रिकेट में ग्रीन का यह दूसरा शतक था। इससे पहले पिछले साल अहमदाबाद में भारत के खिलाफ उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 114 रन की पारी खेली थी।

# टाइगर श्रॉफ को पूर्व प्रेमिका दिशा पटानी ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ शनिवार (2 मार्च) को 34 साल के हो गए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभिनेता के लिए जन्मदिन की शुभकामनाओं की बाढ़ आ गई है और उन्हें उनकी पूर्व प्रेमिका, अभिनेत्री दिशा पटानी से भी एक विशेष शुभकामनाएं मिलीं। दिशा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी फिल्म बागी 2 के प्रमोशन के दौरान टाइगर के साथ एक अनदेखी पुरानी तस्वीर साझा की और उनके लिए एक प्यारा सा नोट लिखा। दिशा और टाइगर के कई सालों तक रिलेशनशिप में होने की अफवाह थी, हालांकि, पिछले साल खबर आई कि दोनों अलग हो गए हैं। तस्वीर के साथ दिशा ने लिखा, हैप्पी बर्थडे बागी... आप ऊंची और ऊंची किक मारते रहें। टाइगर और दिशा दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते को सार्वजनिक रूप से स्वीकार नहीं किया और इस तरह, वे ब्रेकअप के बारे में भी चुप्पी साधे रहे। हालाँकि, रिपोर्ट्स की मानें तो दिशा और टाइगर ने छह साल तक डेट किया और फिर अलग हो गए। दोनों को अक्सर शहर में लंच और डिनर डेट पर देखा जाता था और उन्होंने एक साथ कई विदेशी छुट्टियां भी मनाईं। इतना ही नहीं, बल्कि अभिनेत्री लॉकडाउन के दौरान काफी दिनों तक टाइगर के घर पर भी उनके परिवार के साथ रुकी थीं।अपने ब्रेकअप के बावजूद, अभिनेता सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखते हैं और अक्सर सोशल मीडिया पर दोस्ताना मजाक करते देखे जाते हैं।इस बीच, काम के मोर्चे पर, दिशा अगली बार दीपिका पादुकोण, प्रभास और अमिताभ बच्चन के साथ कल्कि 2898 एडी में दिखाई देंगी। फिल्म की शूटिंग हैदराबाद में बड़े पैमाने पर की गई है। दूसरी ओर, टाइगर अक्षय कुमार के साथ बड़े मियां छोटे मियां की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं।

# बहुप्रतीक्षित सेव द टाइगर्स सीजन 2 की स्ट्रीमिंग की तारीख तय

ओटीटी परिदृश्य में सबसे हिट फिल्मों में से एक, सेव द टाइगर्स अपने दूसरे सीज़न के लिए तैयार है। प्रियदर्शी, अभिनव गोमतम और कृष्णा चैतन्य की प्रमुख भूमिकाओं वाली वेब श्रृंखला को व्यापक प्रशंसा मिली और डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर बड़े पैमाने पर दर्शक मिले। दूसरे सीज़न के लिए बहुप्रतीक्षित ट्रेलर का अनावरण किया गया, जो मनोरंजन और मौज-मस्ती की दोहरी खुराक का वादा करता है। अरुण कोथापल्ली द्वारा निर्देशित, शो के निर्माताओं में यात्रा निर्देशक माही वी राघव और प्रदीप अद्वैतम शामिल हैं। 15 मार्च से स्ट्रीम होने वाले सीज़न 2 से अपने पूर्ववर्ती की सफलता को आगे बढ़ाने की उम्मीद है। सेव द टाइगर्स 2 के कलाकारों में सीरत कपूर, जोरदार सुजाता, पावनी गंगीरेड्डी, देवियानी शर्मा, गंगव्वा, दर्शन बानिक और वेणुयालदंडी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। श्रृंखला का संगीत अजय अरसदा द्वारा तैयार किया गया है। जैसा कि प्रशंसक बेसब्री से शो की वापसी का इंतजार कर रहे हैं, दूसरा सीज़न आकर्षक कहानी कहने और यादगार प्रदर्शन का एक और दौर देने का वादा करता है। हास्य और नाटक के अपने अनूठे मिश्रण के साथ, सेव द टाइगर्स ने खुद को तेलुगु डिजिटल सामग्री परिदृश्य में एक उल्लेखनीय अतिरिक्त के रूप में स्थापित किया है। सेव द टाइगर्स 2 के कलाकारों में सीरत कपूर, जोरदार सुजाता, पावनी गंगीरेड्डी, देवियानी शर्मा, गंगव्वा, दर्शन बानिक और वेणुयालदंडी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। श्रृंखला का संगीत अजय अरसदा द्वारा तैयार किया गया है। जैसा कि प्रशंसक बेसब्री से शो की वापसी का इंतजार कर रहे हैं, दूसरा सीज़न आकर्षक कहानी कहने और यादगार प्रदर्शन का एक और दौर देने का वादा करता है। हास्य और नाटक के अपने अनूठे मिश्रण के साथ, सेव द टाइगर्स ने खुद को तेलुगु डिजिटल सामग्री परिदृश्य में एक उल्लेखनीय अतिरिक्त के रूप में स्थापित किया है।



# अंकिता लोखंडे का सफर

अंकिता लोखंडे जिन्हें हाल ही में बिग बॉस 17 में देखा गया था, वर्तमान में अपनी आगामी फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में 19 साल की उम्र में कास्टिंग काउच का सामना करने के बारे में खुलासा किया। हाउटरफ्लाई के साथ एक साक्षात्कार में, अंकिता लोखंडे ने याद किया, मैंने साउथ फिल्म का ऑडिशन दिया था। मुझे कॉल आया कि आप साइन करने आ जाओ। मैं बहुत खुश थी, तो मैंने अपनी मां को बोला मैं साइन करके आती हूं। मुझे भी संदेह था कि इतनी आसानी से कैसे हुआ? (मैंने एक दक्षिण फिल्म के लिए ऑडिशन दिया था। मुझे हस्ताक्षरित राशि प्राप्त करने के लिए फोन आया। मैं खुश था और मैंने अपनी माँ से कहा कि मैं हस्ताक्षरित राशि प्राप्त करने जाऊंगा। हालाँकि, मैं दुविधा में था कि ऐसा कैसे हुआ। अंकिता ने आगे खुलासा किया कि जब वह अनुबंध पर हस्ताक्षर करने पहुंची, तो उनसे समझौता करने के लिए कहा गया और कहा, जब मैं साइन करने गई तो सिर्फ मुझे अंदर बुलाया और मेरे को-ऑर्डिनेटर को रुकने को कहा। मुझे बोला गया, तुम्हें समझौता करना होगा। मैं उस वक्त सिर्फ 19 साल का था. तभी मेरी हीरोइन बनना है वाला चरण चल रहा था (जब मैं वहां गया, तो मुझे कमरे के अंदर अकेले बुलाया गया, जबकि मेरे समन्वयक को बाहर बैठने के लिए कहा गया। मुझसे कहा गया, आपको समझौता करना होगा। मैं तब केवल 19 वर्ष का था। मेरी हीरोइन बनने की ख्वाहिश थी।



CMYK

# छत्तीसगढ़ की सभी सीटों के लिए प्रत्याशियों का एलान

- सीजी में बीजेपी की चुनावी पिच तैयार
- 9 सांसदों का कटा पत्ता,मंत्री, पूर्व विधायक
- सरपंच और किसान को बनाया उम्मीदवार

**रायपुर,02 मार्च 2024(ए)।** भाजपा ने आज लोकसभा चुनाव के लिए 195 उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। बीजेपी की पहली सूची में कुल 195 सीटों के लिए नाम तय किए गए हैं। इन सीटों में पीएम मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और दो पूर्व सीएम समेत कुल 34 केंद्रीय और राज्य मंत्रियों के नाम शामिल हैं। वहीं छत्तीसगढ़ के सभी 11 सीटों में भाजपा ने अपने उम्मीदवार तय कर दिया है।

**रायपुर लोकसभा** सीट से इस बार मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को उम्मीदवार बनाया गया है। बृजमोहन अग्रवाल 8 बार के विधायक हैं। वे रायपुर के दक्षिण विधानसभा से जीतते आएं हैं। इस बाद उन्होंने कांग्रेस के महंत रामसुंदर दास को रिकॉर्ड मतों से हराया है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी को करीब 66 हजार वोटों से पछाड़ा है।

**दुर्ग लोकसभा** सीट से पार्टी ने एक बार फिर से विजय बघेल पर भरोसा जताया है। 2019 के चुनाव में भी विजय बघेल दुर्ग लोकसभा से चुनाव जीत कर आए थे। 2023 विधानसभा चुनाव में पार्टी ने पाटन विधानसभा सीट से उन्हें उम्मीदवार बनाया था, लेकिन पूर्व सीएम भूपेश बघेल के हाथों उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

**सरगुजा लोकसभा** सीट से पार्टी ने चिंतामणी महराज को टिकट दिया है। महराज ने हाल ही में कांग्रेस से भाजपा में प्रवेश किया है। सामरी विधानसभा से वे दो बाद के विधायक रहे हैं। कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने भाजपा प्रवेश कर लिया था।

**जांजगीर लोकसभा** सीट से पार्टी ने कमलेश जांगड़े को उम्मीदवार बनाया है। जांगड़े 2023 से नवीन जिला सक्ती की महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष हैं। इसके अलावा ग्राम पंचायत मसनियां कला की दो बार की सरपंच भी हैं।

**रायगढ़ लोकसभा** सीट से पार्टी ने राधेश्याम राठिया को उम्मीदवार बनाया है। राठिया भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री हैं। राठिया वर्ष 1995 से 2000 तक निर्विरोध उपसरपंच ग्राम पंचायत छर्राटांगर रहे। वर्ष 2000 से 2005 तक जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं। वर्ष 2005 से 2010 तक जनपद पंचायत घरघोडा के अध्यक्ष रह चुके हैं। वर्ष 2010 से 2015 तक जिला पंचायत सदस्य रहे हैं।

**बिलासपुर लोकसभा** सीट से पार्टी ने तोखन साहू को उम्मीदवार बनाया है। तोखन साहू 2013 में प्रथम बार विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए थे। वे 2015 में संसदीय सचिव, छत्तीसगढ़ शासन रहे हैं।

**राजनांदगांव लोकसभा** सीट से पार्टी ने संतोष पांडेय को एक बार फिर से उम्मीदवार बनाया है.। 2019 के लोकसभा चुनाव में भारी मतों से चुनाव



जीतकर आए थे.।एक बार फिर से पार्टी ने उन्हें मौका दिया है।**कोरबा लोकसभा** सीट से पार्टी ने सरोज पांडेय को उम्मीदवार बनाया है। सरोज पांडेय वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं. साथ ही वे राज्यसभा सांसद भी रही हैं। इससे पहले, वह दुर्ग से 15वीं लोकसभा के लिए चुनी गईं और छत्तीसगढ़ विधानसभा की सदस्य भी थीं। सरोज पांडेय ने पार्टी के महासचिव और प्रवक्ता के रूप में कार्य किया। फिर उन्होंने भाजपा महिला मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने से पहले भाजपा के राष्ट्रीय सचिव का पद संभाला। सरोज के नाम एक ही समय में मेयर, विधायक और सांसद का पद संभालने का विश्व रिकॉर्ड है।

**महासमुंद लोकसभा** सीट से पार्टी ने रूपकुमारी चौधरी को उम्मीदवार बनाया है। पूर्व विधायक और संसदीय सचिव रूपकुमारी चौधरी 2013 से 2018 में बसना विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की विधायक थी। रूपकुमारी बसना विधानसभा क्षेत्र के धनापाली गांव की रहने वाली है। उन्होंने राजनीति की शुरुआत महासमुंद जिला पंचायत सदस्य के रूप में की थी। साथ ही भाजपा संगठन में प्रदेश मंत्री भी रह चुकी है। वर्तमान में वे छत्तीसगढ की एक मात्र महिला जिलाध्यक्ष है। उन्होंने एमए तक की शिक्षा पूरी की है. रूपकुमारी पैशे से किसान परिवार से हैं।

**बस्तर लोकसभा** सीट से पार्टी ने महेश कश्यप को उम्मीदवार बनाया है। महेश कश्यप पूर्व सरपंच और अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष के पद पर हैं. वे सरपंच संघ का अध्ययन भी रह चुके हैं।

### लोक सभा चुनाव के लिए बीजेपी के 11 उम्मीदवार

2024 भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी। पहली लिस्ट में पार्टी ने 195 से ज्यादा सीटों पर नामों की घोषणा की है। इसमें छत्तीसगढ़ की ग्यारह सीटों के लिए उम्मीदवारों का नाम भी शामिल है। दुर्ग से विजय बघेल, राजनांदगांव से संतोष पांडेय, रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद से रुपकुमारी चौधरी, कांकेर से भोजराज नाग चुनाव लड़ेंगे। वहीं कोरबा से सरोज पांडेय, सरगुजा से चिंतामणि महाराज, जांजगीर चांपा से कमलेश जांगड़े, रायगढ़ से राधेश्याम राठिया, बिलासपुर से तोखन साहू, बस्तर से महेश कश्यप को प्रत्याशी बनाया गया है।

**कांकेर लोकसभा** सीट से पार्टी ने भोजराज नाग को उम्मीदवार बनाया है। भोजराज नाग 2014 में प्रथम बार विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए थे। वे छ.ग. राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़ कर जनजाति समाज के उत्थान और नशामुक्ति के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

## महतारी वंदन योजना को लेकर स्लोगन लिखें और जीते 5 हजार का इनाम




**रायपुर,02 मार्च 2024 (ए)।** महतारी वंदन योजना को लेकर स्लोगन लिखकर आप भी 5 हजार का इनाम जीत सकते हैं बता दें कि पीएम मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप महतारी वंदन योजना की पहली किश्त महिलाओं के खातों में भेजी जाएगी। वही छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उत्कृष्ट स्लोगन को योजना के प्रचार-प्रसार में उपयोग किया जाएगा। विजेता को ₹5000 का इनाम। नियम भी जान लें - एक व्यक्ति केवल एक स्लोगन ही सबमिट कर सकेगा। 5 मार्च 2024 तक अपने स्लोगन गूगल फॉर्म की मदद से सबमिट करें।

## सस्पेंड किए गए सहायक जेल अधीक्षक

### सारंगढ़ उपजेल में बंदियों की पिटाई मामले में कार्रवाई

**सारंगढ़, 02 मार्च 2024(ए)।** उप जेल सारंगढ़ में बंदियों के साथ मार-पीट किए जाने की घटना संज्ञान में आने पर मुख्यालय, जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, छ0ग0 रायपुर द्वारा खोमेश मण्डावी, अधीक्षक, केन्द्रीय जेल बिलासपुर को घटना की जांच करने हेतु निर्देशित किया गया। वही मण्डावी द्वारा 28.02.2024 को उप जेल सारंगढ़ पहुंचकर घटना की जांच की गई तथा जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जांच में आए तथ्यों के आधार पर संदीप कश्यप, सहायक जेल अधीक्षक, उप जेल सारंगढ़ को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर उनका मुख्यालय केन्द्रीय जेल बिलासपुर रखा गया है। साथ ही अधीक्षक, केन्द्रीय जेल बिलासपुर द्वारा जांच उपरांत उप जेल सारंगढ़ के 02 प्रहरियों को भी निलंबित किया गया है। अन्य संबंधित कर्मचारियों के विरूद्ध भी नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा रही है। निलंबित सहायक जेल अधीक्षक एवं प्रहरियों के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय जांच की जा रही है।




# शासकीय कर्मचारियों को शुरू हुआ पुरानी पेंशन का लाभ मिलना

### मृत कर्मचारी की पत्नी को शुरू हुआ पेंशन का भुगतान



**रायपुर,02 मार्च 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में शासकीय कर्मचारियों के लिए एक बड़ी खबर है. सर्व शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक दुबे जिन्होंने हाल ही में वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की थी और उन्हें 80 ऐसे कर्मचारियों की सूची सौंपी थी जिनके परिजन शासकीय कर्मचारी थे और जिनकी मृत्यु हो चुकी है और जिन्होंने पुरानी पेंशन के लिए आवेदन किया है लेकिन प्रक्रिया में देरी हो रही है उन्होंने ही आज आदेश शेयर करते हुए यह जानकारी दी है कि प्रदेश में शासकीय कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना धरातल पर आ चुकी है । स्कूल शिक्षा विभाग के एक शिक्षक तुकाराम क्षेत्रपाल का संविलियन 1 जुलाई 2018 को हुआ था और उनकी मृत्यु 2022 में हो गई थी इसके बाद उनकी पत्नी ने पुराने पेंशन विकल्प का चयन कर आवेदन जमा किया था अब उनके आवेदन पर पीपीओ जारी होते हुए उन्हें पेंशन का भुगतान शुरू हो गया है । तुकाराम क्षेत्रपाल की सैलरी मृत्यु के समय 36200 थी अब उनकी पत्नी संध्या क्षेत्रपाल को पेंशन के तौर पर 10800 मिलना शुरू हो चुका है ।

**योजना जमीन पर आने की है खुशी विवेक दुबे**

सर्व शिक्षक संघ के प्रदेश संयोजक विवेक दुबे ने कहा कि हमें इस बात की बड़ी खुशी है कि कुछ देर से ही सही लेकिन पुरानी पेंशन योजना धरातल पर आ चुकी है और अब यह तय हो चुका है कि छत्तीसगढ़ में 2004 के बाद नियुक्त हुए कर्मचारियों के लिए भी पुरानी पेंशन योजना लागू हो चुकी है । मैंने ऐसे ही प्रकरणों की सूची वित्त मंत्री जी को भी सौंपी है ताकि उनमें भी कार्रवाई हो सके । अब हमारा अगला प्रयास शिक्षाकर्मी से शिक्षक बने साथियों के पूर्व सेवा गणना की रहेगी ताकि जो साथी 10 साल से पहले रिटायर हो रहे हैं उन्हें भी पेंशन का लाभ मिल सके वर्तमान में मृत कर्मचारियों के परिजन को तो लाभ मिलेगा लेकिन जो कर्मचारी जीवित रहते हुए रिटायर हो जाएंगे और जिनकी कुल सेवा अवधि संविलियन उपरांत 10 साल से कम रहेगी उन्हें पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिलेगा जो की विडंबना है।

## 17 प्रकोष्ठों के माध्यम से जनता को साधेगी भाजपा

- आज होगी समस्त प्रकोष्ठों की संयुक्त सम्मेलन
- भाजपा के सम्मलेन में होंगे 1500 से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल
- मुख्यमंत्री साय,प्रदेश अध्यक्ष देव,क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जम्वाल प्रदेश संगठन महामंत्री साय उपस्थित रहेंगे...




**रायपुर,02 मार्च 2024 (ए)।** भारतीय जनता पार्टी के समस्त प्रकोष्ठों का एक दिवसीय सम्मेलन आगामी 3 मार्च को सुबह 10.30 बजे प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित किया जाएगा। भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं समस्त प्रकोष्ठों के संयोजक रामजी भारती ने शनिवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि सम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल सहित समस्त 17 प्रकोष्ठों के संयोजक, अध्यक्ष, पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## स्कूल को मयखाना बनाने वाला शराबी शिक्षक हुआ गिरफ्तार




**बिलासपुर, 02 मार्च 2024 (ए)।** स्कूल को मयखाना बनाने वाले शराबी शिक्षक की गिरफ्तारी हुई है। बता दें कि दरअसल ग्राम मचहा में पदस्थ सहायक शिक्षक संतोष कुमार केंवट 28 फरवरी को देर से स्कूल पहुंचा। वह शराब के नशे में था और उसकी जेब में शराब की शीशी भी रखी थी। वो स्टाफ रूम में बैठकर महिला हेडमास्टर के सामने पैग बनाकर शराब पी रहा था। जब एक युवक ने टीचर का शराब पीते हुए वीडियो बना लिया, तब वो धौंस दिखाने लगा और बोला कि जाओ वीडियो कलेक्टर, डीईओ को दिखा देना, मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता। पुलिस ने आरोपी टीचर के खिलाफ शासकीय काम में बाधा और आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

## 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में छात्रा से नकल कराने का मामला सामने आया

### शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से हुई शिकायत

**मुंगेली,02 मार्च 2024 (ए)।** जिले के एक सरकारी स्कूल में आयोजित किए गए 12वीं बोर्ड की परीक्षा में पर्यवेक्षक और केंद्र अध्यक्ष की ओर से नकल कराने का मामला सामने आया है। एक छात्रा ने परीक्षा के दौरान नकल कराने का आरोप लगाया है। उसने पर्यवेक्षक और केंद्र अध्यक्ष के विरुद्ध एसडीएम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग है। मामला जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल राम्हेपुर का है.।



12वीं की छात्रा दीपिका जायसवाल ने लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इसमें लिखा है कि पर्यवेक्षक और केंद्र अध्यक्ष की ओर से हिंदी के पेपर में पर्सनली रूप नकल कराया गया है। इससे मानसिक रूप से मैं विचलित हो गई और परीक्षा ठीक से नहीं दे पाई। इसलिए किसी भी सक्षम अधिकारी के सामने मुझे पुनः परीक्षा दिलाने की अनुमति दें।

## शिक्षा अधिकारियों को भेजा गया प्रतिनियुक्ति पर



**रायपुर,02 मार्च 2024(ए)।** राज्य शासन ने दो जिला शिक्षा अधिकारी समेत तीन अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा रायपुर भेजा है। इनमें राजनांदगांव के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी, धमतरी ब्रजेश बाजपेयी और व्याख्याता एलबी मंजूलता साहू शामिल हैं।इस संबंध में जारी आदेश में उल्लेख है कि इनमें से राजेश कुमार सिंह और ब्रजेश बाजपेई अपने कर्तव्यों के साथ-साथ मंत्री की निजी स्थापना में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी का भी कार्य संपादित करेंगे।

## पान दुकान में पुलिस का छापा

### 17 लाख का हुक्का सामग्री जब्त

**रायपुर,02 मार्च 2024 (ए)।** हुक्का से संबंधित प्रतिबंधित सामाग्रियों की बिक्री एवं भण्डारण करने वाले पान दुकान के संचालक को गिरफ्तार किया गया है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गोलबाजार क्षेत्रांतर्गत जयस्तंभ चैक के पास मयूरा होटल के बाजू स्थित राज पान पैलेस में प्रतिबंधित हुक्का से संबंधित सामग्रियों की बिक्री की जा रहीं है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध पीताम्बर सिंह पटेल, नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली योगेश साहू तथा उप पुलिस अधीक्षक क्राईम दिनेश सिन्हा द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी गोलबाजार को सूचना की तस्दीक कर आरोपियों को हुक्का से संबंधित प्रतिबंधित सामग्रियों के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गोलबाजार पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त पान दुकान में अपना पाईटर भेजकर हुक्का से संबंधित सामग्री का टेस्ट पर्चेस कराया गया, टेस्ट पर्चेस के दौरान पान दुकान में उपस्थित व्यक्तियों द्वारा हुक्का से संबंधित प्रतिबंधित सामग्रियों की बिक्री करना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा उक्त पान दुकान में रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान दुकान में 02 व्यक्ति उपस्थित थे जिन्होने पूछताछ में अपना नाम अशोक कुमार मंधानी एवं अनुराग मंधानी होना बताने के साथ ही स्वयं को पान दुकान का संचालक होना बताये। टीम के सदस्यों द्वारा पान दुकान की तलाशी लेने पर पान दुकान में हुक्का से संबंधित सामाग्री रखा होना पाया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपने पान दुकान में हुक्का से संबंधित प्रतिबंधित सामग्रियों की बिक्री करना बताने के साथ ही हुक्का से संबंधित प्रतिबंधित सामग्रियों का भण्डारण करना भी बताया गया। जिस पर उक्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से प्रतिबंधित हुक्का पॉट, पाईप, नोजल, कोल, विभिन्न प्रकार के फ्लेवर, तम्बाकू तथा हुक्का से संबंधित अन्य सामाग्री जुमला कीमती लगभग 17 लाख रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना गोलबाजार में अपराध क्रमांक 91/24 धारा 4 (क), 21(क) सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापारा तथा वाणिज्य उत्पादन प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम 2003 एंव संशोधन अधिनियम 2023 का अपराध पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों क़ो जेल भेजा गया।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)